प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 46, 08 मार्च से 14 मार्च, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



## सीएम योगी ने यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

### कहा—सरकार, समाज और संस्थाएं साथ काम करें तो बनता है विश्वास, आज यूपी भरोसे का प्रतीक

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिकंदरा स्थित यथार्थ मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का फीता काटकर औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब सरकार, समाज और संस्थाएं एक दिशा में मिलकर कार्य करती हैं तो आमजन के बीच विश्वास पैदा होता है और यही विश्वास किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश इसी विश्वास का प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने आगरा दौरे पर पहुंचे थे। खेरिया एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद वह फतेहाबाद रोड स्थित होटल अमर कन्वेंशन सेंटर पहुंचे, जहां संगठन की बैठक में शामिल हुए।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री सिकंदरा स्थित मथुरा-दिल्ली रोड पर बने यथार्थ मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पहुंचे और फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में यथार्थ ग्रुप के संचालक कपिल त्यागी, अजय त्यागी और यथार्थ त्यागी ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सिकंदरा में स्थापित 250 बेड का यह मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। अस्पताल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, रोबोटिक सर्जरी, आधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट और 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह अस्पताल आगरा और आसपास के जिलों के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा और गंभीर इलाज के लिए दिल्ली-एनसीआर जाने की जरूरत को भी काफी हद तक कम करेगा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यथार्थ ग्रुप का यह आठवां अस्पताल है और इसे आगरा में स्थापित करना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु राष्ट्र का पहला कर्तव्य अपने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने विश्व स्तर पर नई पहचान बनाई है और आज देश तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। पहले प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं या निमार्णाधीन हैं। रायबरेली और गोरखपुर में एम्स की स्थापना की गई है और हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में विकास की सोच सीमित थी, लेकिन अब डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से हाईवे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो और आधुनिक रेल सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 60 लाख गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और जल्द ही यह संख्या 10 करोड़ तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसके अलावा अनुदेशक, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर और रसोइयों समेत 10 लाख से अधिक लोगों को भी पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जो लोग किसी योजना के दायरे में नहीं आते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से स्वास्थ्य उपचार के लिए 1300 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में अब मुफ्त डायलिसिस और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। नई मेडिकल तकनीकों के विकास के लिए आईआईटी कानपुर और एसजीपीजीआई लखनऊ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, विधायक रानी पक्षालिका सिंह, जीएस धर्मेश, बाबूलाल, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, खेरागढ़ विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, फतेहाबाद विधायक छोटेलाल वर्मा, एमएलसी विजय शिवहरे, भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दवा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। वहीं यमुना एक्सप्रेसवे के पास करीब 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क भी स्थापित किया जा रहा है, जिससे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते, इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने निजी क्षेत्र के निवेशकों से प्रदेश में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आगे आने का आह्वान किया और आश्वासन दिया कि सरकार उन्हें हर संभव सहयोग देगी।

## मथुरा में सीएम योगी का दौरा.. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक

### पर्यटन थाना का उद्घाटन और श्रीकृष्ण जन्मस्थान में किए दर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मथुरा।** शनिवार दोपहर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रज क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद की 8वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की।करीब एक घंटे चली इस बैठक में ब्रज क्षेत्र में पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास से संबंधित योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मथुरा में पर्यटन से जुड़े सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से नए पर्यटन थाना का उद्घाटन किया।प्रशासन के अनुसार इससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सकेगी। अपने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण जन्मस्थान भी पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

सीएम के दौरे से पहले शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। प्रशासन ने श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण का विरोध कर रहे कुछ सेवायत गोस्वामियों को एहतियातन उनके घरों में ही नजरबंद रखा। वहीं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा यमुना जल शुद्धीकरण में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की योजना भी बनाई गई थी, लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दम को उनके घर पर ही नजरबंद कर दिया।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे यमुना जल शुद्धीकरण की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराना चाहते थे।उनका आरोप है कि उन्हें अपनी बात रखने से रोका गया,जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए मथुरा और आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए।आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए।




### योगी के मथुरा दौरे पर कांग्रेस का विरोध, छाता चीनी मिल को लेकर प्रदर्शन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा-वृंदावन दौरे के बीच जिला कांग्रेस कमेटी ने बंद छाता चीनी मिल को पुनः चालू करने की मांग को लेकर शनिवार को मिल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर विकास घोषणाओं को अमल न करने का आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की। धरने का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा, "मुख्यमंत्री के दौरों में भव्य वादे होते हैं, लेकिन छाता चीनी मिल जैसी योजनाएं वर्षों से लटकी हैं। यह किसानों की उम्मीदों पर धोखा है।" महामंत्री वैद्य पंडित मनोज गौड़ ने यमुना प्रदूषण, बिगड़ती कानून व्यवस्था और विकास में पारदर्शिता की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने वीआईपी दौरों से आमजन को ट्रैफिक जाम जैसी परेशानियां होने का भी जिक्र किया। कांग्रेस ने विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया, दावा किया कि अध्यक्ष धनगर के घर पर पुलिस घेराबंदी हुई। प्रदर्शन में नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, रतेंद्र सिसोदिया, विक्रम सिसोदिया, हाकिम सिंह, बांके बिहारी, आसिफ कुरेशी, परसोत्तम चौधरी, केशव, सुभाष, धर्मेंद्र सिंह व मोहन सिसोदिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यह विरोध सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाता है।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, केबिन में भर गया धुआं; अटक गईं सांसें

लखनऊ




डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई। डिप्टी सीएम को सुबह करीब 11:30 बजे कौशाम्बी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। वह ला-माटीनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर से रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर में धुआं फैलने लगा। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई। समय रहते हेलीकॉप्टर को उतार लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। डिप्टी सीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी पहुंचे, उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी और आज सुबह लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

## उत्तराखंड: 'जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर करेंगे': अमित शाह

देहरादून



उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने पांच लोगों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र दिए। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए घुसपैठियों को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर किया जाएगा।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि घुसपैठ को भारत से बाहर निकालेंगे। केदारनाथ से कन्या कुमारी तक, राहुल बाबा को जितना विरोध करना है करें। उन्हें हर चीज में नकारात्मक दिखती है। नौ साल में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। हरीश रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। देश से तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त किया।

समान नागरिक संहिता कानून को लागू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य है। जनसांख्यकीय में अप्राकृतिक वृद्धि को रोकने का काम यूसीसी करेगा। हाईपावर कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। जल्द ही यह कमेटी काम करेंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस से हिसाब मांगना चाहिए।

2014 से 2016 पूंजी निवेश का। एक लाख 87 हजार करोड़ मोदी सरकार ने दिए। 12 हजार करोड़ केदारनाथ बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री, दिल्ली-देहरादून, 30 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया। 2009 से 2014 तक राज्य का औसत बजट 187 करोड़ था, नौ साल में भाजपा सरकार ने चार हजार 770 करोड़ का बजट पहुंचा। प्रतिव्यक्ति 2014 एक लाख 25हजार रुपये से बढ़ा कर 2.73 लाख किया। जीएसडीपी 3.50 लाख करोड़ किया। भ्रष्टाचार व उत्तराखंड का निर्माण का विरोध करने वाली कांग्रेस है। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई।


### तीसरा मौका दें

उत्तराखंड को कांग्रेस राहुल के नेतृत्व में बिखरी चुकी है। संसद में हो हल्ला करती है। संसद न चलाने की नीति बनाई है। 2027 में त्रिवेंद्र सिंह व धामी सरकार ने उत्तराखंड की सेवा की है। तीसरी मौका दें। देवभूमि को एक नंबर पर ले जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया।

## जींद में होली के रंग बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग: पांच महिलाओं की मौत

सफीदों (जींद)

सफीदों में होली के रंग बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में पांच महिलाओं की झुलसकर मौत हो गई। कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे। साथ ही बताया जा रहा है कि गंभीर घायलों को पानीपत सिविल अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मजदूरों ने बताया कि हादसे के समय कंपनी में बाहर की तरफ ताला लगा हुआ था कोई भी मजदूर भागने नहीं पाया। घायलों को दो एंबुलेंस की सहायता से जींद नागरिक अस्पताल लाया गया। पहली एंबुलेंस से तीन घायलों को अस्पताल लाया गया। इनमें सफीदों निवासी रानी (45) पत्नी अनिल कुमार, जगबीर (40) पुत्र चंद्रभान निवासी आदर्श कॉलोनी सफीदों तथा पवन कुमार (30) पुत्र बालवीर निवासी निसंग, जिला करनाल शामिल हैं। वहीं जगबीर और पवन कुमार को भी उपचार के लिए भर्ती किया गया है।



इसके अलावा सफीदों से ही कश्मीरी (39) पत्नी लाभ सिंह निवासी शिव कॉलोनी तथा कमलेश (54) पत्नी रमेश निवासी गीता कॉलोनी को भी झुलसने की हालत में नागरिक अस्पताल जींद लाया गया। एक अन्य घायल बिमला (60) पत्नी सत कुमार निवासी सफीदों को भी उपचार के लिए नागरिक अस्पताल जींद पहुंचाया गया। सफीदों की भाट कॉलोनी में फैक्टरी में काम करने वाली 16 महिलाओं व 2 पुरूषों को जली हालत में बाहर निकाला गया।

## ईरान युद्ध से भारत का भारी नुकसान, दुबई पोर्ट पर सड़ रहीं सब्जियां-फल

### माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट — भारत को करोड़ों का नुकसान होने की आशंका

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग से भारत को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारत के किसानों, आयातकों और निर्यातकों का माल दुबई पोर्ट पर फंसा है। भारत में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट पर भी माल की लोडिंग समय पर नहीं होने से भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। 28 फरवरी से दोनों पोर्ट पर काम ठप है। माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट हो रहे हैं। इस वजह से भारत को करोड़ों का नुकसान होगा।

**जेबल अली बंदरगाह पर फंसे हैं कंटेनर**

मिली जानकारी के अनुसार, दुबई की जेबल अली बंदरगाह पर महाराष्ट्र से गए करीब 1000 कंटेनर फंसे हैं, जिनमें फल और सब्जियां भरी हुई हैं। सप्लाई नहीं होने के कारण यह माल सड़ रहा है। दुबई का यह बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट मिडिल ईस्ट का सेंटर पॉइंट है। इस पोर्ट से खाड़ी देशों में शिपमेंट आती और जाती है, लेकिन पिछले एक हफ्ते से इस पोर्ट से माल खाड़ी देशों में नहीं जा रहा है और न ही माल भारत तक आ रहा है, इस वजह से नुकसान हो रहा है।

### इससे होगा सबसे ज्यादा नुकसान

बता दें कि जंग के कारण सबसे ज्यादा नुकसान अंगूरों के निर्यातकों को होगा। क्योंकि रमजान के महीने में खाड़ी देशों में इस फल की मांग बहुत ज्यादा होती है। इसलिए इस बार 5000 से 6000 टन अंगूर का निर्यात किया गया था, लेकिन सप्लाई न होने के कारण यह माल स रहा है। अगर जंग खत्म न हुई तो पूरा माल खराब होगा और पूरा घाटा उठाना पड़ेगा। अगर जंग खत्म हो जाती है तो भी सड़ चुके माल का खरीदार मिलना मुश्किल होगा।



**भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान**

बता दें कि दुबई पोर्ट पर फंसे कंटेनरों में केले, अंगूर, अनार, तरबूज, पत्तेदार सब्जियां और प्याज भरे हैं। यह चीजें कम समय तक टिकती हैं और 7 दिन में सड़ने लगी होंगी। वहीं कंटेनर पोर्ट पर ऐसे समय में फंसे हैं जब खाड़ी देशों में रमजान के दौरान फलों विशेषकर अंगूर और अनार की मांग चरम पर होती है, लेकिन इस बार युद्ध के कारण जहां रोजे रखने वालों को परेशानी हो रही हैं, वहीं भारत के कृषि निर्यातकों का कारोबार भी ठप होने की आशंका है।

### किसान संगठनों की सरकार से मांग


मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) पर दुबई जाने वाले अंगूर के लगभग 80 कंटेनर फंसे हैं। नासिक से आए 200 से ज्यादा कंटेनर भी फंसे हैं। किसान संगठनों ने सरकार से अपील की है कि वे मामले में सहयोग करें। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने सरकार से प्रति क्विंटल 1500 रुपये की सब्सिडी देने की मांग की। सब्सिडी के साथ-साथ बंदरगाह शुल्क और विलंब शुल्क माफ करने और अस्थायी खरीद योजना शुरू करने की भी मांग की गई है।

## सम्पादकीय

# अदालतों में न्याय की धीमी रफ्तार पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता



किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है। किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है। यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई है, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं।

ललित गर्ग

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे माता के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। मातृदेवो भवः की वाणी से लेकर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को माता कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस




स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है।

एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे। नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को कमजोर मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया।

जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई। यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरूआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है।

आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। नारी को भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा। इतिहास गवाह है कि जब नारी ने अपने आत्मबल को पहचाना है, तब समाज की दिशा बदल गई है। शिक्षा और आत्मविश्वास नारी के लिए वही भूमिका निभाते हैं जो प्रकाश अंधकार के लिए करता है। आज की नारी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि परिवर्तन की निमार्ता है। वह विज्ञान में शोध कर रही है, आकाश में विमान उड़ा रही है, संसद में कानून बना रही है, और समाज में नेतृत्व कर रही है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नारी सम्मान का प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में नारी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होती है, वही समाज वास्तव में विकसित और मानवीय कहलाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि नारी को सम्मान देने का कार्य केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की सामाजिक चेतना होना चाहिए। जब समाज यह स्वीकार कर लेगा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि भविष्य की निमार्ता है, तब वह दिन दूर नहीं होगा जब नारी सशक्तिकरण शब्द की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी- क्योंकि नारी स्वाभाविक रूप से सशक्त होगी और तब शायद दुनिया सचमुच उस आदर्श को जी पाएगी, जिसे भारतीय संस्कृति ने हजारों वर्ष पहले कहा था- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

# युद्ध देखते देखते भारत के दरवाजे तक पहुँच गया

नीरज कुमार दुबे

हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंता उभर कर सामने आई है क्योंकि अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के निकट अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस घटना ने न केवल श्रीलंका बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विशेष रूप से भारत की सामरिक स्थिति पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना इस बात का संकेत है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष अब फारस की खाड़ी से निकल कर हिंद महासागर तक पहुंच गया है, जिसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। इस मुद्दे को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है जहां श्रीलंका के सांसद इस मुद्दे पर अपनी सरकार से सवाल पूछ रहे हैं वहीं भारत में लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधा सवाल पूछा है।

हम आपको बता दें कि ईरान का युद्धपोत डेना बुधवार को उस समय डूब गया जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागा गया जल गोला उससे टकरा गया। यह घटना श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। श्रीलंका की नौसेना को युद्धपोत से संकट संदेश प्राप्त हुआ जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने अब तक 87 शव बरामद किए हैं और 32 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। कई अन्य नाविक अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और उनकी खोज के लिए अभियान जारी है। हम आपको बता दें कि यह घटना श्रीलंका के प्रमुख बंदरगाह नगर गाले से लगभग चालीस किलोमीटर दक्षिण में हुई। यह स्थान फारस की खाड़ी से काफी दूर है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष चल रहा है। इसलिए इस घटना ने यह संकेत दिया है कि समुद्री संघर्ष का दायरा तेजी से फैल रहा है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से कहा है कि दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ईरान का युद्धपोत हिंद महासागर में डूबने की घटना यह दशार्ती है कि यह संघर्ष अब भारत



के आसपास के समुद्री क्षेत्र तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में देश को मजबूत और संतुलित नेतृत्व की आवश्यकता होती है, लेकिन सरकार की ओर से स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत की सामरिक स्वायत्तता को बनाए रखना इस समय अत्यंत आवश्यक है। दूसरी ओर, श्रीलंका के सांसद नामल राजपक्षे ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा है कि यह केवल श्रीलंका की ही नहीं बल्कि पूरे हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उनका कहना है कि युद्ध भले ही हजारों किलोमीटर दूर चल रहा हो, लेकिन उसके प्रभाव अब हिंद महासागर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के तट से लगभग चालीस किलोमीटर दूर इस प्रकार की सैन्य गतिविधि यह दशार्ती है कि वैश्विक शक्तियों का संघर्ष अब इस समुद्री क्षेत्र तक फैल रहा है।

श्रीलंकाई सांसद नामल राजपक्षे ने श्रीलंका की सरकार से यह भी सवाल किया है कि क्या उसे इस सैन्य कार्रवाई की पहले से जानकारी थी? उनका कहना है कि सरकार को देश की जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह इस हमले से पहले अवगत थी या नहीं? उन्होंने कहा कि यदि सरकार को पहले से जानकारी थी तो उसे यह बताना चाहिए कि ऐसी गतिविधि को लेकर कौन से कदम उठाए गए? उन्होंने यह भी कहा कि यदि श्रीलंका को इस प्रकार की सैन्य गतिविधि की सूचना नहीं दी गई थी तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि इससे छोटे देशों की समुद्री संप्रभुता और सुरक्षा पर प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बड़े देश की सैन्य कार्रवाई श्रीलंका के आसपास के जल क्षेत्र में होती है तो इस पर खुली चर्चा और पारदर्शिता आवश्यक है। राजपक्षे ने दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापक संवाद की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों को मिलकर हिंद महासागर की सुरक्षा पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रत्येक देश की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। यदि बड़े देशों के बीच संघर्ष छोटे देशों के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में फैलता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मौजूद एक ईरानी युद्धपोत को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि ईरान की नौसैनिक शक्ति को सीमित करना उसकी रणनीति का महत्वपूर्ण भाग है।

देखा जाये तो हिंद महासागर में इस प्रकार की सैन्य कार्रवाई के कई महत्वपूर्ण सामरिक निहितार्थ हैं क्योंकि यह क्षेत्र विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के बीच होने वाला विशाल व्यापार इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। यदि यहां सैन्य तनाव बढ़ता है तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। हिंद महासागर भारत की समुद्री सुरक्षा और आर्थिक हितों का मुख्य क्षेत्र है। यदि बाहरी शक्तियों का संघर्ष इस क्षेत्र में बढ़ता है तो भारत को अपनी नौसैनिक उपस्थिति और सामरिक सतर्कता बढ़ानी पड़ सकती है। इसके अलावा, छोटे तटीय देशों जैसे श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है। ये देश बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन यदि सैन्य टकराव उनके आसपास होने लगे तो उनकी सुरक्षा और कूटनीतिक स्थिति कठिन हो सकती है।

## कहानी

# मूर्ख बातूनी कछुआ


किसी तालाब में कम्बुग्रीव नामक एक कछुआ रहता था। तालाब के किनारे रहने वाले संकट और विकट नामक हंस से उसकी गहरी दोस्ती थी। तालाब के किनारे तीनों हर रोज खूब बातें करते और शाम होने पर अपने-अपने घरों को चल देते। एक वर्ष उस प्रदेश में जरा भी बारिश नहीं हुई। धीरे-धीरे वह तालाब भी सूखने लगा। अब हंसों को कछुए की चिंता होने लगी। जब उन्होंने अपनी चिंता कछुए से कही तो कछुए ने उन्हें चिंता न करने को कहा। उसने हंसों को एक युक्ति बताई। उसने उनसे कहा कि सबसे पहले किसी पानी से लबालब तालाब की खोज करें फिर एक लकड़ी के टुकड़े से लटकाकर उसे उस तालाब में ले चलें।

उसकी बात सुनकर हंसों ने कहा कि वह तो ठीक है पर उड़ान के दौरान उसे अपना मुंह बंद रखना होगा। कछुए ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह किसी भी हालत में अपना मुंह नहीं खोलेगा।कछुए ने लकड़ी के टुकड़े को अपने दांत से पकड़ा फिर दोनो हंस उसे लेकर उड़ चले। रास्ते में नगर के लोगों ने जब देखा कि एक कछुआ आकाश में उड़ा जा रहा है तो वे आश्चर्य से चिल्लाने लगे। लोगों को अपनी तरफ चिल्लाते हुए देखकर कछुए से रहा नहीं गया। वह अपना वादा भूल गया। उसने जैसे ही कुछ कहने के लिए अपना मुंह खोला कि आकाश से गिर पड़ा। ऊंचाई बहुत ज्यादा होने के कारण वह चोट झेल नहीं पाया और अपना दम तोड़ दिया।

**सीख : बुद्धिमान भी अगर अपनी चंचलता पर काबू नहीं रख पाता है तो परिणाम बुरा होता है।**

## लोक कथा

# चीते का दत्तक पुत्र



किसी गाँव में बूढ़े संतान विहीन पति-पत्नी रहते थे। वे बहुत गरीब थे। उनके पास एक अंगुल भी जमीन नहीं थी। वे रोज वन में जाते, कंदमूल खोदकर निकालते और खाते थे। बस, यही उनके जीने का सहारा था। संयोग की बात कि बुढ़ापे में पत्नी के पाँव भारी हो गए। नौ महीने बाद जंगल में कंदमूल खोदते हुए उसने बच्चे को जन्म दिया। बुढ़िया ने बूढ़े को आवाज दी, सुनते हो, बच्चा हुआ है। अब हम क्या करें? बूढ़े ने कहा, घर में एक दाना भी नहीं है। न कपड़े हैं न और कुछ। हमें इसे पालेंगे कैसे? बुढ़िया ने कहा, तो ठीक है, इसे यहीं छोड़ देते हैं। इसके भाग्य में लिखा होगा तो कोई इसे पाल लेगा। सो बच्चे को वहीं छोड़कर वे घर चले गए। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर एक चीता वहाँ आया और उसे अपने घर ले गया। वह उसका अपने बच्चे की तरह पालन-पोषण करने लगा। वह बड़ा हुआ तो चीते को उसके ब्याह की फि क्र में एक दिन उसने लड़के से पूछा, कहो तो तुम्हारे लिए एक लड़की ले आऊँ? लड़के ने कहा, जो आपकी मजी! अगर आप मेरी शादी करना चाहते हैं तो कोई लड़की ले आइए! चीता गया और किसी लड़की के उधर से गुजरने का इंतजार करने लगा। आखिर एक लड़की आई। चीता उसे उठाकर घर की तरफ चल दिया। रास्ते में वह अपने पर काबू न रख सका और उसका आधा कान खा गया। वह उसे लेकर घर पहुँचा और लड़के से कहा, बेटे, मैं तुम्हारे लिए एक लड़की लाया हूँ। जाओ, एक नजर देख लो! लड़के ने बाहर जाकर देखा, अरे, इसका तो एक कान आधा गायब है! वह वापस चीते के पास गया और कहा, पिताजी, मुझे आधे कान वाली लड़की नहीं चाहिए। एक-एक कर चीता कई लड़कियाँ लाया। पर किसी का वह हाथ खा जाता तो किसी का नाक तो किसी का कान। आखिर एक दिन लड़के ने कहा, पिताजी, मेरे लिए कोई अच्छी लड़की लाइए, पूरे शरीर वाली। सो चीता एक बार फिर गया। इस बार एक पूरी लड़की लाने के लिए। वह ऐसे घर में गया जहाँ शादी हो रही थी। वह फेरों के बीच में ही मंडप से दुलहन को उठा लाया। चीते को देखकर घराती-बराती सब भाग छूटे। इस बार चीते ने बहुत सावचेती बरती, दुलहन को सही-सलामत घर लाया और बेटे से उसका ब्याह कर दिया। कुछ दिन पति-पत्नी बहुत सुख से रहे। एक रोज सब्जी काटते हुए पत्नी की अंगुली कट गई। रिसते खून को उसने पत्तियों से पोंछ दिया। खून की गंध पाकर चीता उन पत्तियों के पास गया और उन्हें चाटा। सोचा, अगर उनके खून का स्वाद इतना अच्छा है तो उनका माँस कैसा होगा! मैं उन्हें खाऊँगा। हो सकता है यह सोचते हुए उसके मुँह से कुछ निकल गया हो या उसकी आँखों की रंगत ने चुगली खाई हो। जो हो, पति-पत्नी समझ गए कि चीते की नीयत में खोट है। वह उन्हें खाएगा। उसी रात को वे वहाँ से रफूचक्कर हो गए। सुबह चीते ने देखा कि दोनों का कहीं पता नहीं है। उनके पाँवों के निशानों के सहारे वह उनके पीछे गया। पति-पत्नी एक पेड़ पर बैठे थे और चीते की बाट जोह रहे थे। ज्यों ही चीता पेड़ के नीचे आया लड़का तलवार लिए हुए उस पर कूदा और उसका काम तमाम कर दिया। फिर दोनों लड़की के गाँव गए। लड़के के सास-ससुर उन्हें देखकर बहुत खुश हुए। उन्होंने तो सोचा था कि चीता लड़की को मारकर खा गया होगा। उस दिन से लड़का और उसकी पत्नी वहीं रहने लगे।

# होली पर आयोजन

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

इस संभावित आयोजन की पोस्ट मैंने फेसबुक पर डाल दी तो लाईक करने वाले समझदारों ने औगैंनिक रंग अग्रिम डालने शुरू कर दिए। पिचकारियों में, हाथ से बाल्टी भर रंग फेंकना शुरू कर दिया। कल्पनाशील मित्रों ने आग्रह दिया कि होली के मौका पर रंगभरा रास भी आयोजित किया जाए।

होली के अवसर पर मुझे भगवान के ऐसे कीर्तन में शामिल होना बहुत अच्छा लगता है जिसमें प्रसिद्ध हिट फिल्मी धुनों पर ठुमकते, कीर्तन मंडली के सजे धजे नायक कृष्ण बांसुरी मुंह से छुआए क्रम से सबके पास आकर फूलों से बना रंग लगाते हैं और भेंट में नकद रुपए लेकर उठते हैं और पुनः नर्तन करने लगते हैं। ऐसे कार्यक्रम से व्यक्ति धार्मिक, आध्यात्मिक, उत्सवधर्मी हृदय महसूस करता है। मन बहुत अधिक भावना विभोर हो उठता है। आभास होने लगता है, होली पर अगर भगवान कृष्ण किसी रूप में आ जाएं तो छोटा सा कार्यक्रम भी महा प्रसिद्ध आयोजन में बदल सकता है। इस संभावित आयोजन की पोस्ट मैंने फेसबुक पर डाल दी तो लाईक करने वाले समझदारों ने औगैंनिक रंग अग्रिम डालने शुरू कर दिए। पिचकारियों में, हाथ से बाल्टी भर रंग फेंकना शुरू कर दिया। कल्पनाशील मित्रों ने आग्रह दिया कि होली के मौका पर रंगभरा रास भी आयोजित किया जाए। इस आयोजन के लिए साथी साथ लाने का वायदा भी किया जाने लगा। रास रचाने के लिए आतुर गोपियों के प्रस्ताव आने लगे यह प्रशंसा करते हुए कि भगवान कृष्ण के प्रिय नृत्य रास के रस के बिना होली कैसे मनाई जा सकती है।

हमारे एक पुराने दोस्त बांसुरी बजाते और आजकल डीजे भी चलाते हैं उन्होंने हमें फोन कर अधिकार से कहा, प्यारे धर्म का काम कर रहा है, चिंता न करो बांसुरी भी बजा देंगे और डीजे पर भक्तों को नचा भी देंगे। हमें लगा क्या मैं ऐसा धार्मिक जुलूस जैसा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा हूँ जिसमें युवा विद्यार्थियों को भांग का घोटा पिलाकर, दो केले खिलाकर, डीजे की धुन पर फिल्मी धुन वाले भजनों पर सड़क पर कई घंटे नचाया जा सकता है। कुछ शुभचिंतकों ने सलाह दी कि किसी की व्यवसायिक सेवाएं ली जाएं तो आयोजन का रंग निखर उठेगा और भगवान अति प्रसन्न हो जाएंगे। खूब सारी आमदनी होनी भी सुनिश्चित होगी। हमारे मन और तन से टेसू के फूल, केवड़े की मादक सुगंध, कोयल की कूक, आम



के बौर और पुरानी गोपियां भी बाहर आने लगे थे। एक खास बात, उस रात जब कृष्ण स्वप्न में आए तो वे आकर्षक स्वप्निल वस्त्रों में रहे लेकिन बांसुरी नहीं बजा रहे थे। उनके पांव के नीचे घास हरी मुलायम न होकर उदासी के रंग में लिपटी थी जिसमें तीखे कांटे भी थे। उनमें से कुछ कांटे उनके पांवों को घायल कर चुके थे और कुछ कांटे उनके हृदय की तरफ बढ़ रहे थे, उनकी पसंदीदा दर्जनों गाएं उनसे दूर मुंह छिपाए खड़ी थी। खास बात यह कि उनके सिर से मोर का पंख गायब था। हमने जैसे ही उनसे बात करने का निवेदन किया, ख्वाब बिखर गया। सुबह होने पर इससे पहले कि पत्नी को स्वप्न बारे बताते उन्होंने खुश होकर बताया, इस बार महा सामाजिक क्लब वालों ने एआई द्वारा निर्मित गोपियों और कृष्ण का भव्य रास कार्यक्रम आयोजित किया है। टिकट ऑनलाइन मिल रहे हैं, मैंने रात को ही बुक कर लिए हैं। उसी शो में प्रसिद्ध बांसुरी वादक राग चैन प्रस्तुत करेंगे और वास्तविक रंगों से होली भी खेली जाएगी ताकि परम्परा जारी रहे। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन में जाने से कौन इनकार कर सकता था।

# शिकायतों को लेकर संवेदनशील रहे विभागीय अधिकारी

## - संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुनीं शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जन-समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण के लिए संवेदनशील रहें, अधिकांश विभागों द्वारा शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है, जिससे शिकायतकताओं की संख्या में भी कमी आई है लेकिन अभी कुछ विभागों में शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरती जा रही है, शिकायतों का निस्तारण अधीनस्थों की रिपोर्ट पर किया जा रहा है, शिकायत के निराकरण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता नहीं की जा रही है, शिकायतकर्ता के संतुष्ट न होने पर शासन स्तर से लिए जा रहे फीडबैक पर असंतुष्ट फीडबैक मिल रहा है। उन्होंने विद्युत, स्वास्थ्य, आपूर्ति, नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि वह शिकायतों के निस्तारण को लेकर संवेदनशील रहें।

जन-सुनवाई के दौरान जब जिलाधिकारी के सम्मुख ग्राम बटरौली नौनेर नि. सतनेश कुमार ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि भूमि अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम कमलेश दर्ज हो गया है, शिकायतकर्ता ने अपना नाम दुरूस्त कराने की मांग की, संसारपुर नि. गीता देवी ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है और गाटा संख्या-858 में पति का नाम तेजराम अंकित है जबकि उसके पति का नाम तालेबर था, शिकायतकर्ता ने मृतक पति का नाम गाटा संख्या-858 में तेजराम के स्थान पर तालेबर कराने की मांग की, इसके अलावा अन्य पीड़ितो ने भी शिकायती पत्र देकर अपनी समस्या बताई।

### अवैध कब्जा करने वाले को भूमाफिया चिन्हित करें

डीएम ने सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी दबंग व्यक्ति द्वारा किसी की भूमि का नाजायज तौर पर कब्जा किया जाए तो उसे भू-माफिया में चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कराई जाए, पैमाइश के बाद मेढ़बंदी के उपरांत मुड्डी, मेढ़ तोड़कर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में 18 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किए, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की।

### संपूर्ण समाधान दिवस में यह रहे मौजूद

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश बघेल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बुद्धि प्रकाश, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पुत्रों के साथ मिलकर पति को बेरहमी से मारापीटा

## घरेलू बात को लेकर पत्नी से हुआ था विवाद, वीडियो वायरल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**औंछा/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र में रिश्ते शर्मशार करने का मामला प्रकाश में आया है। एक महिला ने अपने बच्चों के साथ मिलकर शनिवार की सुबह अपने ही पति को जमीन पर गिरा लिया। और उसे लाठी-डंडों से जमकर पीटा। किसी ग्रामीण ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी मुखवीर सिंह दिल्ली में रह कर प्राइवेट नौकरी करता है। होली के त्योहार पर वह वहां से छुट्टी लेकर घर आया था। शनिवार की सुबह वह दिल्ली जाने के लिए घर से निकल रहा था। तभी पत्नी विनीता देवी से घरेलू बात को लेकर उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख बच्चे भी आ गए और मां का पक्ष लेने लगे। घर से बाहर निकलते ही महिला और पुत्रों ने मुखवीर को पीटना शुरू कर दिया। मुखवीर जमीन पर गिर गया और बचाने की गुहार लगाता रहा, लेकिन पत्नी और पुत्र लाठियां बरसाते रहे। एक अन्य उसे लात मार रहा है। मुखवीर की चीख पुकार सुन कर पड़ोसियों ने आकर मुखवीर को बचाया। इसी दौरान किसी ने मारपीट का यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद वीडियो देखकर लोग भी कई तरह की चचाएं कर रहे है। पुत्रों के साथ मिलकर पति को बुरी तरह से पीटने वाली पत्नी ने मानवता और इंसानियत को भी शर्मशार कर दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है बहुत ही बेरहमी से पुत्र और पत्नी उसे पीट कर रहे है। और वह बहुत ही दर्द के साथ बचाने की गुहार लगा रहा है। काफी देर तक मारपीट करने के बाद भी पति के गिडगिड़ाने के बाद भी पत्नी और पुत्रों का दिल नहीं पसीजा, वह लगातार मारपीट करते दिखाई दे रहे है।

## दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में शुक्रवार की देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार व ग्रामीणों में शोक की लहर है। थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी 30 बर्षीय भूपेंद्र उर्फ टिंकू पुत्र सुजान सिंह काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे। शुक्रवार की देर शाम पत्नी के सो जाने के बाद उन्होंने फांसी लगा ली। जब घर में हलचल न हुई तो परिजनों को संदेह हुआ और देखने पर युवक फंदे पर लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मैनपुरी भेज दिया। प्रारंभिक जांच में कोई घरेलू विवाद सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की दो मासूम बेटियां जिनकी उम्र 9 वर्ष व 7 वर्ष है, के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## शराब पिलाकर करा लिया मकान का इकरारनामा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव ढकरोई निवासी वंदना पत्नी शिवानंद ने बताया कि उनके 6 छोटे-छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि गांव रठेह निवासी अनिल कुमार पुत्र प्रेम बहादुर ने उनके पति को दारू पिलाकर उनके मकान का इकरारनामा करा लिया और अब वह उनको और उनके बच्चों को घर से निकल रहा है और जान से मारने की धमकी देता है। जबकि उनके पति को उपरोक्त द्वारा। एक भी रुपया नहीं दिया गया ना ही कोई चेक दी गई। उन्होंने कहा कि जब 25 फरवरी को उनके घर नोटिस पहुंचा तब उन लोगों को पता चला उन्होंने कार्यवाही की मांग की है।

## राशन कोटा की दुकान का प्रस्ताव करने की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** तहसील दिवस के मौके पर शनिवार को रामदेवी की अगुवाई में स्वयं सहायता समूह ग्राम नगला दिनू ने प्रार्थना पत्र लेकर बताया कि उनके गांव की कोटे की दुकान के पूर्व विक्रेता बेंचेलाल का निधन हो चुका है तभी से उक्त दुकान रिक्त चल रही है उनका कहना है कि दुकान का आवंटन अनुसूचित जाति तथा स्वयं सहायता समूह को प्रदान किया जाए उनका कहना है की 5 जनवरी को खंड विकास अधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूह की बैठक का आयोजन किया गया था परंतु ग्राम प्रधान और पंचायत स्तरीय कर्मियों की अनुपस्थिति एवं पंचायत भवन बंद होने के कारण प्रस्ताव का कार्य पूरा नहीं हो सका उनका कहना है की ग्राम सभा की खुली बैठक की स्थिति नियत करके समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक कराई जाए और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उचित दर की दुकान संचालित करने का मौका दिया जाए।

## होली मिलन समारोह आज

मोर्निंग सिटी संवाददाता


**भोगांव/मैनपुरी।** नगर पंचायत के तत्वाधान मे आज रविवार को नगर के सोमेश्वर नाथ मंदिर मे होली मिलन समारोह होगा। यह जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष नेहा तिवारी एंव प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने देते हुए बताया कि रविवार को सांय पांच बजे से सोमेश्वर नाथ मन्दिर मे होली मिलन समारोह का आयोजन होगा जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक रामनरेश अग्निहोत्री एंव भाजपा जिलाध्यक्ष ममता लोधी भाग लेगी। उन्होंने नगर के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की हैं।

## शिक्षको को नई शिक्षा पद्धति से दे शिक्षा: मनमोहन शर्मा

**भोगांव/मैनपुरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मे चल रहे एकीकृत प्रशिक्षण के दूसरे दिन डायट प्राचार्य मनमोहन शर्मा ने कहा कि आज के बदले परिवेश मे शिक्षको को बच्चो को नई शिक्षा पद्धति से शिक्षा देनी चाहिये इससे बच्चो का शैक्षिक विकास तेजी से होता है तथा शिक्षको को भी बच्चो को पढाने का तरीका अच्छा लगता है। शनिवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर आर्यन कुमार, अभय कुमार और सत्येंद्र सिंह ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धति के बारे मे जानकारी दी। शनिवार को मैनपुरी तथा जागीर ब्लाक के 70-70 शिक्षको ने भाग लिया।

# क्षत्रिय महासभा के होली मिलन में गूंजा भाईचारे का संदेश काले कानून यूजीसी पर आंदोलन की चेतावनी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** स्टेशन रोड स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह उत्साह और वैचारिक विमर्श के बीच संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न कोनों से आए समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी एकजुटता का संकल्प लिया।


समारोह के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र राजू का वहां मौजूद क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। अपने संबोधन के दौरान नेताओं ने वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर भी खुलकर विचार रखे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेता राघवेंद्र राजू ने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले मैनपुरी आने में भय का वातावरण रहता था, लेकिन आज कन्याकुमारी से कश्मीर तक लोग निडर होकर यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने इसका श्रेय सरकार द्वारा स्थापित भयमुक्त माहौल को दिया।

हालांकि, इसी मंच से सरकार के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली। राघवेंद्र राजू ने UGC के मुद्दे पर सीधे चुनौती देते हुए इसे काला कानून करार दिया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार ने इस कानून को वापस नहीं लिया, तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए मजबूर होगा। उन्होंने यह भी जानकारी साझा की कि इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसके लिए क्षत्रिय समाज के वकीलों ने बिना किसी शुल्क (फीस) के मुकदमा लड़ने का निर्णय लिया है। इस गरिमामयी आयोजन में समाज के प्रबुद्ध जनों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहने की शपथ ली।

# मैनपुरी में सांड ने पटककर किसान को मार डाला

## काम खत्म करके खेत से वापस घर आ रहा था किसान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बख्ती में एक सांड के हमले से एक वृद्ध किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला बख्ती निवासी रामस्वरूप (75) पुत्र बनवारी लाल शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे अपने खेत से काम खत्म कर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि सांड ने किसान को अपने सींगों में फंसा लिया और पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और किसी तरह सांड को भगाकर घायल किसान को बचाया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बेसहारा जानवरों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे किसानों और राहगीरों को लगातार खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या से जल्द समाधान कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया हैं...

## गांव फरेंजी में भाजपा नेता के आवास पर हुआ देवी जागरण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** शुक्रवार की रात्रि विकास खंड के गांव फरेंजी में भाजपा नेता रवि कठेरिया के आवास पर विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में पूरी रात माता के सुंदर भजनों पर भक्त गण झूमते रहे। सुबह तक आयोजित जगराते में तारारानी की कथा के साथ समापन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया।



देवी जागरण का आयोजन मां शारदे म्यूजिकल ग्रुप विधूना जागरण पार्टी की तरफ से किया गया। जागरण का शुभारंभ रिटायर्ड पूर्व प्रधानाचार्य संतोष कठेरिया, माया देवी, रवि कठेरिया और उनके परिजनों ने आरती कर किया। जागरण की प्रथम हाजरी सुधीर सेंगर ने गणेश भगवान की बंदना के साथ की और कहा की आजा मां आ जा मा एक बार मेरे घर आ जा मां, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, प्रेम से बोलो जय माता दी आदि भजन गाकर भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक शिवम चतुर्वेदी ने कहा की तेरा दर तो हकीकत में, अंबे तू है जगदंबे बाली तेरी आरती उतारे हम मिलकर तेरी आरती। गायिका रवीना वर्मा कन्नौज ने कहा की बेटियां क्यों पराई है आदि भजन सुनाए। जागरण के बीच में पार्टी की तरफ से एक दर्जन से अधिक झांकियां दिखाई गई। जिसमे काली का अखाड़ा, शिव तांडव, हनुमान जी, खाटू श्याम आदि की मनमोहक झांकी दिखाई गई। गायक मानसी, प्रांसी आदि ने भी भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर कैलाश चंद्र, रोहित राना, सुधीर कुमार, मोहित, योगेश, अनुराग, उपदेश आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन, रोजगार के मुद्दो पर संघर्ष कर रही सपा

## सपा की मासिक बैठक संगठन को मजबूत करने पर दिया गया जोर

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** जनपद में सपा ने संगठन सहित पीडीए को मजबूती करने के लिए नए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को सपा के आवास विकास जिला कार्यालय पर हुई जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में सपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों को साफ तौर पर संदेश दिया गया कि बूथ स्तर पर संगठन सहित पीडीए को सशक्त बनाने के लिए नए वोटरो को जोड़ना अब पार्टी की प्राथमिकता होगी। इसके साथ कार्यकताओं से बूथ मजबूत होगा।

समाजवादी पार्टी हाईकमान के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई, एमएलसी मुकुल यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन और रोजगार के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि पीडीए के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करना ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकताओं से मतदाता सूची का अवलोकन कर नए वोटरों को जोड़ने का अभियान तेज करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष आलोक कुमार शाक्य ने कहा कि पार्टी का संगठन जितना मजबूत होगा, राजनीतिक लड़ाई उतनी ही दृढ़ता से लड़ी जाएगी। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ-बूथ तक सक्रिय रहने तथा पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया। सपा की मासिक बैठक में किशनी विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व विधायक राजकुमार उर्फ राजू यादव, पूर्व डीसीबी चेयरमैन डॉ. रामकुमार यादव, नरेंद्र सिंह यादव, खुमान सिंह वर्मा, सफी मंसूरी, जय सिंह कश्यप, प्रो. अनिलेश पाल, केपी सिंह यादव, किशोरी लाल शर्मा, सतीश यादव, रामवरन यादव, नदीम इलाही, ज्योति मैसी और हरीश यादव सहित कई अन्य नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन जिला महासचिव रामनरायन बाथम ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

# बंदियों के खाना की गुणवत्ता उत्तम रखने के निर्देश

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जेल का निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रीती गिरी ने जिला कारागार के निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर के दौरान बन्दियों को उनके अधिकारों के बारे में निशुल्क विधिक सहायता एवं जेल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी, तथा बन्दियों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु जेलर को निर्देश दिए।

सचिव ने जिला कारागार में बने बैरिक संख्या-07ए-बी, 08ए-बी, महिला बैरक, अस्पताल व पाकशाला का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जेलर ने बताया कि बन्दियों को पूर्वान्ह 11 बजे खाना वितरण किया जा चुका है, जेलर को निर्देश दिए कि बन्दियों के खाने की गुणवत्ता उत्तम रखी जाये, निरीक्षण के दौरान बन्दी रामप्रकाश पुत्र लटूरी सिंह, प्रदीप पुत्र नेम सिंह व अर्जुन पुत्र सुरेश चन्द्र ने बताया कि उसकी पैरवी करने वाला कोई नहीं है, उसे सरकारी अधिवक्ता की आवश्यकता है, इस सम्बन्ध में जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि वह उक्त बन्दियों के प्रार्थना पत्र प्राधिकरण को भेजना सुनिश्चित करें, निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा बताया गया कि शिव नाडर फाउण्डेशन द्वारा बच्चों को शिक्षित किये जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर अंजली सिंह, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, जेलर जितेन्द्र कश्यप, डिप्टी जेलर अंकित बंसल, चीफ एल.ए.डी.सी. हृदय कुमार चतुर्वेदी, सहायक एल.ए.डी.सी. विनोद कुमार, अनुज कुमार दीक्षित, जेल विजिटर सुनील कुमार एड., देवेन्द्र सिंह एवं जेल पी.एल.वी. आदि उपस्थित रहे।

# पहली बार ऑनलाइन जांची जा रहीं सीबीएसई उत्तर पुस्तिकाएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** सीबीएसई ने वर्ष 2026 की 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) के जरिए उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। इसमें मूल कॉपियों के बजाय स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को कंप्यूटर पर जांचा जाएगा। मूल्यांकन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो चुकी है। इसके लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं। सीबीएसई के जिला कोआर्डिनेटर डॉ. राममोहन ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो चुका है। सीबीएसई ने पहली बार 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) के जरिए डिजिटल मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। नई प्रक्रिया के तहत शारीरिक कॉपियों के बजाय स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को कंप्यूटर पर जांचा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी, त्रुटिरहित और अधिक कुशल बनाना है। नई व्यवस्था में स्कैन की गई कॉपियों के मूल्यांकन से अंक जोड़ने की गलतियां खत्म होंगी, परिणाम जल्दी आएंगे, और मूल्यांकन कहीं से भी हो सकेगा।

### बदलाव केवल कक्षा 12 के लिए ही

डॉ. राममोहन ने बताया कि वर्तमान में यह बदलाव केवल कक्षा 12 के लिए है, 10वीं की कॉपियां पारंपरिक तरीके से ही जांची जाएंगी। इस नई व्यवस्था के लिए सीबीएसई की ओर से 10 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए स्कूलों को कंप्यूटर/लैपटॉप के साथ तकनीकी रूप से तैयार किया गया है।

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आहवान

## राठौर समाज के होली मिलन समारोह में एकता का संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** नगर व क्षेत्र के राठौर समाज द्वारा शाम को मोहल्ला बैदनटोला स्थित राठौर धर्मशाला परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र के सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मध्य समाज में एकता और भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया गया।

समारोह के मध्य राठौर समाज के लोगो ने एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए होली की हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। समाज ही समाज में एकता और भाईचारा से रहने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौर ने की, जबकि उपाध्यक्ष अवनीश राठौर ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह का वातावरण अत्यंत उल्लासमय रहा और समाज की एकजुटता का प्रभावशाली संदेश दिया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अभिलाख सिंह राठौर, त्रिपुरारी शरण राठौर, डॉ. पवन कुमार राठौर, सुरेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, गोरेलाल राठौर, वीरपाल राठौर एवं गौरव राठौर सहित समाज के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत ट्रांसफार्मर का लोड़ बढाए जाने को एसडीएम से मिले लोग

## ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण बार-बार फुंक जाता



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला गढडा मे रखे विधुत ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण आये दिन ट्रान्सफार्मर फुंक जाता है जिससे मोहल्ले के लोग परेशान है जिसको लेकर मुहल्ले के लोगो ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर अधिक क्षमता बाले ट्रांन्सफार्मर को रखवाये जाने की मांग की है।

नगर के मुहल्ला गढडा के रसीद खान, मुहम्मद माजिद, विजय, सतेन्द्र सिंह, इशरार खान, अनुज कुमार, राजकुमार, अरून कुमार, उमेश चन्द्र, आरिफ खान, विवेक, विशाल, आलोक कुमार सहित दर्जनो लोगो ने तहसील पहुचकर उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा को दिये शिकायती पत्र मे कहा है कि मुहल्ले मे रखा विधुत ट्रान्सफार्मर 25 एचपी का है जो कि अधिक लोड होने के कारण आये दिन खराब हो जाता है जिससे विधुत आपूर्ति बाधित होती है तथा लोगो को अंधेरे मे रहने को मजबूर होना पडता है तथा किसानो की फसले भी सूख जाती है जिसकी शिकायत मुहल्ले के लोगो ने कई बार अवर अभियंता से लेकर विधुत उपखण्ड अधिकारी से तक की लेकिन कोई कारवाही नही हुई।

# निर्दोषों को पुलिस हिरासत में लेने पर भड़के ग्रामीण

## धरने की चेतावनी के बाद कुरावली पुलिस ने छोड़ा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवा में कार बिजली के पोल से टकराने की घटना के बाद पुलिस द्वारा कई ग्रामीणों को हिरासत में लेने पर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। निर्दोष लोगों को हिरासत में लेने से नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने पुलिस के खिलाफ धरना देने की चेतावनी दे दी।

बताया गया कि बीते दिन शुक्रवार को गांव महादेवा के पास एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के दौरान गांव के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस बिना किसी कारण के ही निर्दोष लोगों को उठाकर थाने ले आई, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली, बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि जिन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर गई है, उनका घटना से कोई लेना-देना नहीं है। यदि उन्हें तुरंत रिहा नहीं किया गया तो ग्रामीण थाने के बाहर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**चेतावनी मिलते ही बैकफुट पर आई पुलिस**

धरने की चेतावनी की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले को बढ़ता देख पुलिस ने स्थिति को शांत करने के लिए हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और माहौल सामान्य हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि भविष्य में किसी भी मामले में बिना जांच के निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि कार हादसे के मामले में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को थाने लाया गया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

# नोएडा स्टेडियम में माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन, विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र के नोएडा स्टेडियम में खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा एवं माननीय विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, कार्यक्रम संयोजक संजय बाली, खेल विभाग के प्रभारी/जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रवेज अली तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह सहित अन्य स्टाफ एवं कोच उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कुल 08 खेल विधाओं यथा एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, जूडो, भारत्तोलन, बैडमिंटन एवं फुटबॉल का आयोजन किया गया। सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में कबड्डी बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर 12 की टीम विजेता रही। जूडो प्रतियोगिता में 28 किग्रा वर्ग में प्रशस्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 32 किग्रा वर्ग में काम्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 40 किग्रा वर्ग में मानसी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में युग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में देवासी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में 45 किग्रा वर्ग में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 51 किग्रा वर्ग में कृष्ण शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एथलेटिक्स में बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में आन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने 08 खेल विधाओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 08 मार्च 2026 को माननीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन भी 08 खेल विधाओं में नोएडा स्टेडियम, गौतमबुद्धनगर में किया जाएगा, जिसमें पांच विधानसभा क्षेत्रों यथा जेवर, खुर्जा, सिकंदराबाद, नोएडा एवं दादरी के विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 127 शिकायतें दर्ज, 12 का मौके पर निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**गौतमबुद्धनगर।** जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 127 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

तहसील जेवर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय सत्यापन कर समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 86 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 07 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर जरूरत के अनुसार दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में सक्रिय पहल की है। उन्होंने औषधि निरीक्षक दीपक लोधी को जिले में संचालित सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर जरूरत के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

ड्रग इंस्पेक्टर दीपक लोधी ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर औषधियों की नियमित आपूर्ति बनाए रखने, दवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी रखने और ओवररेटिंग पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर निरीक्षण भी किए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर लगभग 2425 प्रकार की औषधियां उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें 2110 प्रकार की दवाएं और 315 प्रकार के सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। सामान्यतः लगभग 400 प्रकार की दवाओं की अधिक मांग रहती है, जिनमें से लगभग 300 से 325 दवाएं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नियमित रूप से उपयोग में आती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र संचालकों द्वारा जिन दवाओं की मांग भेजी जाती है, उनकी आपूर्ति समय से उपलब्ध कराने के लिए संबंधित स्तर पर समन्वय किया जा रहा है, जिससे जरूरत के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता बनी रहे।

जिलाधिकारी संजीव रंजन का कहना है कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उद्देश्य आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है।

इसी लक्ष्य के तहत दवा आपूर्ति व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि मरीजों को योजना का पूरा लाभ मिल सके और उन्हें महंगी दवाओं के बोझ से राहत मिले।

# एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, सरकारी जमीन पर कब्जा और खनन का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जनपद जवां ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत जंगलगढ़ी से बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां वर्तमान प्रधान के द्वारा ग्राम समाज की करीब बीस बीघा पर दबंगई से कब्जा कर लिया गया है और उस कब्जा की गई जमीन पर फसलें उगाई जा रहीं हैं और तो और उसी सरकारी भूमि से लाखों रुपए की मिट्टी का खनन करके अपनी जेब भारी कर ली गई। इस मामले की शिकायत जब शिकायतकर्ता के द्वारा संबंधित अधिकारियों से की गई तो मौके पर पहुंचकर मुआयना कर आरोपी प्रधान के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी अभी तक प्रधान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई और सब कुछ पहले की तरह ही चल रहा है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा भूमाफियाओं और अवैध कब्जे करने वालों के विरुद्ध बुलडोजर और ताबड़तोड़ कार्यवाही के आदेश लगातार जारी है बावजूद इसके इतने गंभीर मामले में संबंधितों की तरफ से नाम मात्र की कार्रवाई न होता बड़े स्तर की मिलीभगत को दशार्ता है।वही दूसरी और शिकायतकर्ता और ग्रामवासियों के द्वारा प्रधान पर लगाए गए आरोप काफी गंभीर हैं और उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही की संस्तुति होने के बाद भी आरोपी पर एफआईआर की कार्यवाही नहीं हुई है। इस बारे में जब संबंधित थाना जवां इंस्पेक्टर से बात की गई तो उनके द्वारा संबंधित मामले में एफआईआर होना बताया गया जबकि वह एफआईआर एक निजी भूमि के स्वामी लेखराज सिंह के द्वारा कराई गई है जिसमें से महेंद्र प्रधान के द्वारा लगभग चार लाख रुपए कीमत का खनन किया गया है। लेकिन विभागीय जांच और आदेश होने के बाद भी ग्राम समाज की सरकारी भूमि से खनन और कब्जे की शिकायत पर पुलिस के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। वही इस पूरे मामले में जनपद अलीगढ़ के खनन अधिकारी सुरेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां परिवाद दायर किया गया है जिसमें विपक्षियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रचलित है।

# भू-राजस्व बकाया पर पांच लोगों की अचल संपत्तियां कुर्क



**आगरा।** भू-राजस्व की बकाया धनराशि जमा न करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच बकायेदारों की अचल संपत्तियां कुर्क कर दीं। उप जिलाधिकारी (सदर) सचिन राजपूत के आदेश पर सदर तहसील प्रशासन की टीम ने कार्रवाई करते हुए संबंधित जमीनों को जब्त कर लिया और उनके हस्तांतरण, बिक्री या दान पर रोक लगा दी है। तहसील प्रशासन के अनुसार भू-राजस्व की बकाया राशि जमा न करने वाले लोगों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई है। अमीन कुण्डौल, सदर तहसील की ओर से पांच बकायेदारों की जमीनों को राजस्व वसूली के तहत जब्त किया गया है।

प्रशासन के मुताबिक कुण्डौल निवासी राम सिंह पुत्र महाराज सिंह पर 10 लाख 63 हजार 924 रुपये भू-राजस्व बकाया था, जिसे जमा न करने पर मौजा बरौली गुर्जर स्थित उनकी जमीन को कुर्क किया गया। इसमें खाता संख्या 00292 के अंतर्गत कई गाटा नंबरों की कुल 1.3540 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इसी तरह विजय मल्हैला पोस्ट कुण्डौल निवासी शौकीन सिंह पुत्र गोधन सिंह पर 6 लाख 8 हजार 726 रुपये भू-राजस्व बकाया था। राशि जमा न करने पर मौजा कुण्डौल और मौजा सलामपुर में स्थित उनकी जमीन को जब्त कर लिया गया। इसमें लगभग 0.8971 हेक्टेयर और 0.2677 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

कुण्डौल निवासी रणवीर सिंह पुत्र ओमप्रकाश पर 10 लाख 85 हजार 61 रुपये का बकाया होने पर मौजा कुण्डौल में स्थित करीब 1.6128 हेक्टेयर भूमि कुर्क की गई है। इसी तरह अशोक कुमार पुत्र रघुवीर सिंह पर 30 लाख 2 हजार 717 रुपये भू-राजस्व बकाया था। प्रशासन ने मौजा कुण्डौल और मौजा नदौता में स्थित उनकी कुल लगभग 4.895 हेक्टेयर से अधिक भूमि को जब्त कर लिया है। वहीं धमौटा पोस्ट कुण्डौल निवासी राकेश कुमार पुत्र विशम्बर सिंह पर 9 लाख 59 हजार 214 रुपये का बकाया होने पर मौजा धमौटा में स्थित 1.311 हेक्टेयर भूमि को कुर्क किया गया है।

उप जिलाधिकारी (सदर) ने बताया कि संबंधित सभी बकायेदारों की संपत्तियों को विधिक प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती, तब तक वे उक्त संपत्तियों का हस्तांतरण, बिक्री, दान या किसी अन्य रूप में उपयोग नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों को भी इन संपत्तियों को खरीदने या किसी भी प्रकार से प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। तहसील प्रशासन का कहना है कि भू-राजस्व की वसूली को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा और बकाया राशि जमा न करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

# मतांतरण गिरोह के तार संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े, रांची जेल से आरोपी को पूछताछ के लिए लाया गया आगरा

**आगरा।** सदर क्षेत्र की सगी बहनों के चर्चित मतांतरण मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक और बड़ा सुराग मिला है। जांच में मतांतरण गिरोह के सरगना अब्दुल रहमान, आयशा और रहमान कुरैशी के तार संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। इसी कड़ी में झारखंड की रांची सेंट्रल जेल में बंद संदिग्ध आतंकी अयान जावेद को आगरा पुलिस बी-वारंट पर पूछताछ के लिए आगरा लेकर आई है। पुलिस के अनुसार अयान जावेद के खिलाफ झारखंड एटीएस पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। अप्रैल 2025 में एटीएस ने अयान जावेद, उसकी पत्नी शबनम, गुलफाम हसन और शहजाद आलम को धनबाद से गिरफ्तार किया था। इन सभी पर जॉर्डन के प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उल-तहरीर (एचयूटी) और अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के आरोप लगे थे। तभी से सभी आरोपी रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि जून 2025 में सदर क्षेत्र की सगी बहनों समेत करीब आधा दर्जन युवतियों को मतांतरण गिरोह के चंगुल से मुक्त कराया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कोलकाता, दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड सहित छह राज्यों में एक साथ दबिश दी थी। जांच के दौरान दिल्ली निवासी अब्दुल रहमान, गोवा निवासी आयशा और आगरा के शाहगंज निवासी रहमान कुरैशी समेत 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की विवेचना के दौरान अयान जावेद का नाम सामने आया। जांच में पता चला कि देहरादून की एक युवती उसके संपर्क में थी और दोनों के बीच 200 से अधिक बार बातचीत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने अयान जावेद की पृष्ठभूमि खंगाली तो उसके आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने के संकेत मिले। इसी आधार पर पुलिस ने अदालत से बी-वारंट जारी कराकर उसे पूछताछ के लिए आगरा लाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस टीम शुक्रवार को अयान जावेद को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची सेंट्रल जेल से आगरा लेकर आई।



# जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल 09 मार्च को महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी जे0पी0 सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उप निदेशक युवा कल्याण की अध्यक्षता में जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल के माध्यम से जिला स्तरीय टीम हेतु समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति में जिला युवा कल्याण अधिकारी, व्यायाम प्रशिक्षक, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी इगलास एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित 02 खेल शिक्षकों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति की देख-रेख में जिले के खिलाड़ियों को जोन स्तर पर प्रतिभाग कराने के लिए 09 मार्च को प्रातः 08 बजे से महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में ट्रायल कराया जा रहा है, जिसमें एथलेटिक्स, बालीवॉल, कुश्ती, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग, वैडमिंटन, जूडो विधाओं में मा0 विधायक खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सूचित किया है कि वह नियत समय व स्थान पर ट्रायल में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए व्यायाम प्रशिक्षक राष्ट्रवर्धन लोधी से दूरभाष नंबर 8433121143 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य आगामी 09 मार्च को करेंगी महिला जनसुनवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की मा० सदस्य डा० मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में आगामी 09 मार्च 2026 को प्रातः 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस जनसुनवाई के माध्यम से जनपद की महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठायें।

# दिव्यांग शिक्षक निकला ड्रग्स तस्कर, रेव पार्टियों के लिए बना रहा था एमडीएमए

## हैदराबाद व आगरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दुकान से कई सौ लीटर रसायन बरामद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र में रहने वाला एक दिव्यांग रसायन विज्ञान शिक्षक रेव पार्टियों में इस्तेमाल होने वाली सिंथेटिक ड्रग्स तैयार कर ऑनलाइन माध्यम से बेच रहा था। तेलंगाना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना के बाद हैदराबाद पुलिस और आगरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को नगला मट्ठू गांव में छापा मारकर आरोपी शिक्षक मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी दुकान से ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त कई सौ लीटर रसायन भी बरामद किए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि नगला मट्ठू गांव में दिनेश उपाध्याय के मकान में करीब 15 वर्षों से किराए पर रह रहा मनोज कुमार मूल रूप से फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र का निवासी है। वह रसायन विज्ञान का शिक्षक है और शारीरिक रूप से दिव्यांग भी है। तेलंगाना पुलिस से मिली सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब एक सप्ताह पहले हैदराबाद पुलिस ने जोधपुर निवासी वीरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों को गणित पढ़ाता था। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के रूप में मनोज कुमार का नाम बताया। इसके बाद हैदराबाद और आगरा पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह नगला मट्ठू स्थित दुकान पर छापा मारकर मनोज को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से बड़ी मात्रा में रसायन बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार इन रसायनों से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की ड्रग्स तैयार की जा सकती थी। बरामद रसायनों में करीब 450 लीटर डिस्टिल्ड वाटर, 120 लीटर मिथाइलामाइन, 27.50 लीटर हाइड्रोब्रोमिक एसिड, 100 लीटर एथाइल एसीटेट, 50 लीटर एसीटोन, 40 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड और नौ लीटर एथेनॉल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इन रसायनों का इस्तेमाल एमडीएमए समेत अन्य सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने में किया जाता है। आरोपी इनसे ड्रग्स तैयार कर अपने साथी वीरेंद्र को देता था, जो उन्हें ऑनलाइन माध्यम से रेव पार्टियों और अन्य नेटवर्क के जरिए ऊंचे दामों पर बेचता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करीब एक वर्ष पहले बच्चों को पढ़ाने के लिए जोधपुर गया था, जहां जून 2025 में उसकी मुलाकात वीरेंद्र कुमार से हुई। वीरेंद्र ने उसे अधिक कमाई का लालच देकर इस कारोबार में शामिल कर लिया। इसके बाद उसने इंटरनेट और यूट्यूब के माध्यम से पार्टी ड्रग्स के बारे में जानकारी जुटाई और एमडीएमए बनाने के तरीके सीखे। पुलिस के अनुसार मनोज ने घर में अधिक मात्रा में रसायन रखने से शक होने की आशंका के चलते करीब एक माह पहले आलू भंडारण के बहाने एक दुकान किराए पर ली थी। उसी दुकान में वह रसायनों का भंडारण करता था और ड्रग्स तैयार करने का काम करता था।

नगला मट्ठू गांव में मनोज कुमार की पहचान एक अच्छे शिक्षक के रूप में थी। वह करीब डेढ़ दशक से यहां रह रहा था और आसपास के गांवों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। उसकी पढ़ाने की शैली और विषय पर पकड़ के कारण छात्रों व अभिभावकों के बीच उसकी अच्छी छवि थी। ग्रामीणों के अनुसार वह पत्नी और तीन बच्चों एक बेटी और दो बेटों के साथ गांव में रहता था

# आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपर जिला जज-II /विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0एक्ट)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत गौतमबुद्धनगर सोमप्रभा मिश्रा ने बताया कि 14/03/2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

## छोटी खबरें

### पूर्व प्रधान की हार्ट अटैक से मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादरगंज खाम के मजरा नगला तिलक के पूर्व प्रधान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। लोगों ने पूर्व प्रधान के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कादरगंज खाम ग्राम पंचायत पूर्व प्रधान समाजसेवी 55 वर्षीय कुमर सेन की अचानक शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। राजनेता और स्थानीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। कादरगंज घाट शव का अंतिम संस्कार किया गया। शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों में पूर्व सांसद कुंवर देवेंद्र सिंह यादव, पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप, शाहरुख राज, समाजसेवी अब्दुल हफीज गांधी, वीके यादव, प्रांजल यादव, पवन सिंह यादव, धारा सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### जिला सर्राफा एसोसिएशन को होली मिलन समारोह सम्पन्न



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिला सर्राफा एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन होटल फोर लीफ के रॉयल गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में कासगंज व एटा जनपद के सर्राफा व्यवसायियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, कपल गेम्स तथा संगीत निशा जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी सर्राफा व्यवसायियों को होली गिफ्ट भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक नगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष मिनकी अग्रवाल, राजवीर सोलंकी, मधुकर अग्रवाल, पूरन सिंह राणा, सत्य प्रकाश गहलोत एवं तनुज राठौर रहे। इस अवसर बड़ी संख्या में सर्राफा परिवारों की उपस्थित रही।

### 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक वाद निस्तारण पर हुई बैठक



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। यह बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात के निर्देश पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय अपर जिला जज प्रथम व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी रजत सिन्हा ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निस्तारित कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 14 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय कानपुर देहात में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य आमजन को त्वरित, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी वाद, समझौता योग्य फौजदारी वाद, वैवाहिक और पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण से संबंधित मामले, बिजली बिल तथा वाहन चालान से जुड़े मामलों सहित विभिन्न वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों में किसी प्रकार का न्यायालय शुल्क नहीं लिया जाता। यदि किसी मामले में पहले से न्यायालय शुल्क जमा किया गया है तो उसे भी वापस कर दिया जाता है। साथ ही लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है और इसके विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत तीन आरोपियों को छह-छह वर्ष की सजा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी और ठोस साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए छह-छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 53-53 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार थाना दक्षिण में वर्ष 2012 में दर्ज मुकदमा संख्या 407/2012 में धारा 323, 504, 506 और 308 भादवि के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। इस मामले में सुरेश पुत्र रामुचन्द्र, भूरी देवी पत्नी सुरेश चन्द्र और जितेन्द्र पुत्र बांकेलाल निवासी 10/36 न्यू प्रीतम नगर थाना दक्षिण, जनपद फिरोजाबाद को आरोपी बनाया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा मामले की लगातार निगरानी की गई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए छह-छह वर्ष के कारावास और 53-53 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्तों को सजा दिलाने में सहायक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार यादव, पुलिस मॉनिटरिंग सेल तथा कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऐसे मामलों की लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

### बाह ब्लॉक में होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बाह।** तहसील बाह के बाह ब्लॉक में शनिवार को तहसील उपाध्यक्ष मोहन सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में होली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर संगठन से जुड़े कई नए लोगों को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की मेहनत और एकजुटता से ही संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय मुख्य सचिव श्रवण सिंह भदोरिया, जिला अध्यक्ष हर्ष शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष मोनू शर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हरिओम यादव, तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश भदोरिया सहित गगन चतुर्वेदी, परशुराम बघेल, पिंकू भदोरिया, उपेंद्र सिंह भदोरिया, अरविंद शर्मा, रामू भदोरिया, सुनील राजावत, सचिन कुमार, विनय प्रताप सिंह, गुड्डू, सविता, विशाल राजपूत, शैलेश बघेल, राधेश्याम, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, श्याम मूर्ति बरुआ, नितिन बघेल, रंजीत बघेल, रामकरण बघेल, दीनदयाल बघेल, रामविलास बीडीसी, उपदेश बघेल, बलबीर सिंह, हरिश्चंद्र जमोरिया, उदय सिंह, धीरज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पवन कुमार, कल्याण सिंह, अरविंद गहलोत, महेंद्र सिंह, शैले शर्मा, राघव सिंह, बलवीर बघेल, रामज्ञान, गोपाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, रमाकांत दुबे, अंकित वर्मा सहित अनेक किसान साथी मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं को सम्मानित किया गया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

# कवियों ने दिखाए कविताओं में दिखाए होली के रंग

## बसंत विहार कॉलोनी में होली मिलन समरोह में कवियों ने बिखेरा जलवा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सासनी कस्बा की बसंत विहार कॉलोनी में स्थित समाजसेवी राजेश शर्मा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। कविता के कई रंग कवियों के संग देखने को मिले।

वहीं गुजियों पापड़ चिप्स की महक के बीच रंग गुलाल से वातावरण और रंगीन हो गया। अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के छवि चित्र पर माल्यार्पण करने व दीप प्रज्वलित करने के बाद अशोक मिश्रा ने सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ करने के बाद सुनाया-होली के त्यौहार में मस्ती है भरपूर ब्रजभाषा कवि अशोक अग्रवाल ने होली गीतों से वातावरण झंकृत कर दिया कवि वीरेन्द्र जैन नारद ने सुनाया-हर रात नया ख्वाब दिखाती हैं रोटियां इस हाथ से उस हाथ तक जाती हैं रोटियां एक अन्य कविता दुनिया एक तमाशा है कभी तोला है कभी माशा है।का पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया । कवि शैलेश अवस्थी के गीतों ने भी खूब प्रशंसा पाई ।इसके बाद हास्य कवि वीरपाल सिंह वीर ने अपनी हास्य कविताओं से समा बांधा - कैसौ जमानौ आयौ हाय राम दैया,साली के आगे अपनी भूल जाय लुगैया। विष्णु शर्मा ने सुनाया छैल छबीलौ छल छंदौ प्यारौ घनश्याम खेलवे कू होरी बरसाने गांव आयौ है। मुरारी लाल मधुर ने सुनाया लंबी गर्दन पाय के ऊंट गयौ बगुदाय। इसके बाद कवि रविराज सिंह ने सुनाया -सदियों तक तुम सोते रहे अब तो जागो भाई अब भी नहीं जगे तो जग में होगी बहुत हंसाई। कवि राम निवास उपाध्याय ने सुनाया तकरीर ए मोहब्बत तकरार बन गई है आतंकियों की फितरत खूंखार बन गई है।

इसके बाद कवि एमपी सिंह ने सुनाया - अभिशाप नहीं वरदान है बेटी बेटी घर की शान ,जिस घर में ना जन्म ले बेटी वो घर नर्क समान। सचिन पाठक ने सुनाया-आप आते रहें हम बुलाते रहें सिलसिला प्यार का यूं ही चलता रहे छू न पाए किसी को भी पतझड़ यहां मोहब्बत का गुलशन यूं खिलता रहे । इसके पश्चात गौरव शर्मा ने अपने भाव यूं काव्यबद्ध किए - यादों के खंडहर में अक्सर सपनों के महल बनाते हैं आंसू की सरगम पर हम तो गीत वफा के गाते हैं। इसके बाद रस परिवर्तन करते हुए राजेश कुमार शर्मा ने सुनाया - दिल के सूने साज पर कोई गीत न गाया जाएगा इन आंखों में आखिर कब तक दर्द छुपाया जाएगा।

इसके बाद कवियों को अंग वस्त्र एवं पट्टिका पहना कर सम्मानित करने व अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ ही कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यिक संस्था स्वर शायरी अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष कवि विनोद कुमार जैसवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पाल सिंह ने किया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने धूमधाम से किया होली मिलन का आयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** नगर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा के भूतेश्वर कालोनी सिकंदराराऊ स्थित आवास पर हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कार्यकताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर भाईचारे व सामाजिक समरसता का संदेश दिया। होली के पावन पर्व पर, स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों और महिला मोर्चा की सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इस उत्सव को मनाया। गीत, संगीत एवं नृत्य का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और एकता को बढ़ावा देना था, जहाँ सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का पटका एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कमलेश शर्मा , संतोष पौरुष, पूनम सिसोदिया , सुशीला चौहान, मिथिलेश चौहान, अनीता शर्मा, कुसुम चौहान, नेहा शर्मा , पवित्रा देवी, डॉली सेंगर, रितु सेंगर, राधा शर्मा, नीलम उपाध्याय , प्रति कुलश्रेष्ठ , अनीता पुंडीर , अंबिका शर्मा, रेनू पचौरी , रेनू श्रोती आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस बना औपचारिकता, 153 में से मात्र 8 शिकायतों का निस्तारण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** जनपद में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब फरियादियों के लिए राहत के बजाय मायूसी का कारण बनता जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर सुबह से तहसीलों में पहुंचते हैं, लेकिन अधिकतर शिकायतों का मौके पर समाधान न होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में भी यही स्थिति देखने को मिली।

पूरे जनपद की चारों तहसीलों में कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मात्र 8 का ही मौके पर निस्तारण हो सका, जबकि 145 शिकायतों को संबंधित विभागों और अधिकारियों के पास भेज दिया गया। फरियादियों का कहना है कि करीब 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान मौके पर नहीं हो पाता, ऐसे में समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।

तहसील हाथरस में जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। तहसील हाथरस में 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सिकंदराराऊ तहसील में 72 में से 2, सादाबाद में 21 में से 1 तथा सासनी तहसील में 20 में से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं फरियादियों का कहना है कि यदि शिकायतों का समाधान मौके पर नहीं होगा तो इस व्यवस्था पर जनता का भरोसा कमजोर होता जाएगा।

## सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों का एक बैनर के तले टेट के मुद्दे को लेकर महासंघर्ष शुरू करने का ऐलान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक )की एक संयुक्त बैठक विद्यालय समय उपरांत उच्च प्राथमिक विद्यालय नाई नगला ताहर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजयवीर सिंह एवं संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री दुष्यंत यादव ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा टेट की अनिवार्यता के संबंध में दिए गए आदेश के क्रम में सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक होकर एक बैनर के तले टेट के मुद्दे को लेकर एक महासंघर्ष शुरू करने का ऐलान किया। जिसको टीएफआई (TEACHERS FEDERATION OF INDIA) के बैनर तले इसी क्रम में मार्च के तृतीय सप्ताह में दिल्ली कूच किया जाएगा। उसी को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है जिसमें सर्वसम्मति से प्राथमिक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री विजयवीर सिंह जी को टीएफआई का ब्लॉक स्तर पर संयोजक नियुक्त किया गया है। अगले आंदोलन को इन्हीं के नेतृत्व में सफल बनाने के लिए कार्य किया जाएगा और दिल्ली कूच होगा।

इस नई जिम्मेदारी के अवसर पर विजयवीर सिंह का फूलमाला पहनाकर एवं शाल उढाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत संयोजक विजयवीर सिंह ने कहा कि मैंने हमेशा शिक्षकों के मान सम्मान की लड़ाई पिछले 30 वर्षों से लड़ी है और उसको मैं अपने अंतिम समय तक लड़ता रहूंगा। दिल्ली कूच का जो मुझे युवाओं ने जिम्मेदारी दी है उसके लिए टेट की अनिवार्यता के विरोध में अपने ब्लॉक से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षकों को साथ लेकर दिल्ली कूच किया जाएगा और इस काले कानून को वापस करा कर ही टीएफआई दम लेगा। देश और प्रदेश की सरकार पर दबाव बनाकर अध्यादेश के माध्यम से इस काले कानून को वापस कराया जाएगा ।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस समेत एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा मुखिबर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व प्यारेलाल निवासी ग्राम बरई शाहपुर थाना सिकन्द्राराऊ को पिपलगवां को जाने वाला बम्बा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

जिसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## 9 मार्च को सदर तहसील में महिला जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं से पहुंचने की अपील

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से महिलाओं के कल्याण, सशक्तिकरण और उत्पीड़न की रोकथाम के उद्देश्य से 9 मार्च को जनपद में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सदर तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई और समीक्षा बैठक होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या ने बताया कि आयोग की सदस्या रेनू गौड की अध्यक्षता में 9 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से तहसील सदर सभागार, हाथरस में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इसमें घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाएगी और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनपद की पीड़ित महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपने प्रार्थना पत्र के साथ निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या रख सकती हैं, ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जा सके।

## फिट इंडिया महिला सप्ताह के तहत खेल एवं योग कार्यक्रम आयोजित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय हाथरस द्वारा फिट इंडिया महिला सप्ताह 2026 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 8 बजे एसएस दर्शना, मथुरा रोड स्थित मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फिजिकल फिटनेस, योग तथा जूडो एवं सेल्फ डिफेंस से संबंधित गतिविधियां कराई गईं। आयोजन उप क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ।इस दौरान सुश्री वर्षा रानी, अंसार हुसैन, सुजी यादव, स्मृता सिंह और कविता वघेल ने प्रतिभागियों को फिटनेस, योगाभ्यास तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## वन स्टॉप सेंटर का सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हाथरस की सचिव अनु चौधरी ने वन स्टॉप सेंटर, हाथरस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र की संचालिका मनीषा भारद्वाज, फारिया नौशी सहित समस्त स्टाफ मौजूद मिला। निरीक्षण के समय वन स्टॉप सेंटर में तीन महिला पीड़िताओं का पंजीकरण दर्ज पाया गया, जिनमें से एक परीक्षण के लिए गई हुई थी। उपस्थित दोनों पीड़िताओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई और संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान केंद्र की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, जो संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र पर संचालित सेवाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को दी जा रही कानूनी, चिकित्सकीय और पुलिस सहायता की गुणवत्ता का आकलन करना था। सचिव अनु चौधरी ने केंद्र पर मौजूद महिलाओं से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जाए, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक सहायता मिल सके।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव पोरा में एक युवक की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव देर रात उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय सुमित पुत्र सुनहरी लाल के रूप में हुई है, जो एक सैलून पर काम करता था। बताया जा रहा है कि जब परिजनों ने सुमित को कमरे में फंदे से लटका देखा तो उसे तुरंत नीचे उतारकर उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के भाई मोहित के अनुसार सुमित का अपनी पत्नी से पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी दिल्ली में रह रही थी, जिस कारण दोनों के बीच अनबन बनी हुई थी। मोहित ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले सुमित के कुछ ससुरालीजन उससे मिलने गांव आए थे, लेकिन घटना के बाद वे वहां से चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब चौराहे पर महिला से ठगी, मदद के बहाने दो युवतियां 17 हजार और मोबाइल लेकर फरार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** ठगी की एक घटना सामने आई है, जहां मदद के बहाने दो युवतियों ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया। जानकारी के अनुसार शहर के तालाब चौराहे पर दिल्ली से लौटी एक महिला से दो युवतियों ने 17 हजार नकद और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गईं। बताया जा रहा है कि गांव लाडपुर, हाथरस जंक्शन निवासी राजेश्वरी दिल्ली से वापस लौटकर अपने गांव जाने के लिए तालाब चौराहे पर टेंपो में बैठने का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दो युवतियां उनके पास आईं और मदद की पेशकश करते हुए कहा कि ह्लमाताजी हम आपको टेंपो में बैठा देते हैं, आप अपना बैग हमें दे दीजिए। महिला ने उनकी बातों पर भरोसा करते हुए अपना बैग उन्हें दे दिया। लेकिन जैसे ही महिला टेंपो में ठीक से बैठ भी नहीं पाई, तभी दोनों युवतियां उनका बैग और पर्स लेकर मौके से फरार हो गईं। बैग में 17 हजार नकद और मोबाइल फोन रखा हुआ था। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी, लेकिन आरोपी युवतियां भीड़ का फायदा उठाकर वहां से गायब हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों में भी हड़कंप मच गया। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदी नगला में शुक्रवार देर रात एक विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मिला है। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालीजजनों पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक नगला मेंहदी गांव से शुक्रवार की देर रात एक महिला की मौत की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतका की शिनाख्त मेहंदी नगला निवासी 22 वर्षीय महारानी पत्नी हरिशंकर सिंह के रूप में हुई। पति हरिशंकर ने फोन कर मायके पक्ष को घटना की सूचना दी। मृतका के चचेरे भाई कमल सिंह ने बताया कि महारानी पुत्री कुमरपाल सिंह निवासी उकुर्री थाना सोरों की शादी 21 अप्रैल 2024 को हरिशंकर सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाहिता का 11 माह का एक बेटा दिव्यांश है। मायके पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही है।

# महिला से दुराचार का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ शुक्रवार की देर शाम नामजद आरोपी ने जबरन दुराचार करने का प्रयास किया। महिला की चीखपुकार पर अन्य लोगों को देख आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीडिता ने घर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है। ढालेना थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में गांव की एक महिला ने बताया है कि

वह शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे परिवार की महिलाओं के साथ गांव के बाहर तालाब किनारे गई थी। तभी गढी हरनाठेर के मंदीप पुत्र ओमवीर सिंह ने उसे बदनियती से पकड़ लिया और उसके साथ जबरन दुराचार करने का प्रयास किया। पीडिता ने अपनी इज्जत बचाने के लिए चीखपुकार शुरू कर दी। इसके बाद उसके साथ की अन्य महिलाएं भी उसके पास पहुंच गईं, तभी आरोपी धमकी देकर भाग गया। महिलाओं ने घर पहुंचकर डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई और पूरे मामले की जानकारी ली। पीडिता का बयान लेने व तहरीर लेने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की मदद से आरोपी मंदीप को गिरफ्तार कर लिया और थाना ले आई। पीडिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# बी-पैक्स समिति के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए आदित्य यादव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सहावर थाना क्षेत्र के गांव म्यांसुर में बी पैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को चुनाव संपंन हुआ। इस चुनाव में दोनों पदों पर ही निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर निर्विरोध आदित्य यादव, उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध पंकज यादव चुने गए। चुनाव को लेकर सुरक्षा की व्यवस्था रही। चुनाव प्रक्रिया को बी-पैक्स के सचिव मोहम्मद हाशिम ने संचालित किया। समिति के निर्वाचन अधिकारी उपेन्द्र पाल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार ने चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराया। इस निर्विरोध निर्वाचन से ग्रामीणों के बीच सामूहिक सहमति और सौहार्द की भावना दिखाई दी। ग्रामीणों की मानें तो भविष्य में इस समिति के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, बीज, खाद, ऋण और भंडारण जैसी सहकारी योजनाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस दौरान प्रधान ओमसरन यादव, भूपेंद्र सिंह, कुलदीप पाठक, राजेंद्र सिंह, आशु, मुकेश, सुरेन्द्र पाल सिंह, अर्जुन यादव, ओमशंकर यादव, महावीर सिंह, बंटू सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्टीय स्तर पर ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कस्बा के केनाल रोड स्थित ज्ञानोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतरराष्टीय स्तर पर ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधक डा. ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि ओलंपियाड विश्वभर में 70 से अधिक देशों में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा है। इसमें प्रथम बार में ही स्वर्ण प्राप्त करना बहुत बड़ी उपलब्धि है, जबकि उनके विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार मिश्र ने बताया कि पूर्व में भी राष्टीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में ज्ञानोदय विद्यालय ने उत्तर प्रदेश में पहली रैंकिंग और दूसरी रैंकिंग प्राप्त की थी। इस दौरान विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह भी हुआ। इसमें स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जगदीश चन्द्र मिश्र, नीरज मिश्र, संजीव चैहान, पवन शाक्य, आशीष रतन, अजहर मुहम्मद, निशान्त कुशवाह, रोहित राठौर, शिवानी राठौर, शिखा मिश्र, स्वाती उपाध्याय, प्रियंका राठौर, ममता रानी, फिजा खान, रिया शर्मा, गरिमा गौतम, वंदना तिवारी, पूजा राठौर, पायल उपाध्याय, रिचा राठौर, कुसुमलता गुप्ता, दीप्ती गौतम, सुषमा गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, ममता श्रीवास्तव, केसर गुप्ता, शालिनी दीक्षित, सिम्मी मोहन, प्राची राठौर, खुशी गुप्ता, निकेता पचैरी, प्रेम सिंह यादव, वीरेंद्र यादव, सुन्दर कश्यप, धनीराम समेत अन्य मौजूद रहे।

# टेंन की चपेट में आकर युवक मौत, परिवार में कोहराम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में बहारपुर गांव के बाहर अंडरपास के समीप एक युवक शव मिला है। उसकी मौत टेंन की चपेट में आने से हुई है। युवक की मौत की खबर के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह खेतों पर गए लोगों ने बहारपुर गांव के अंडरपास के निकट एक युवक का शव देखा। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। मृतक की शिनाख्त 32 वर्षीय मुनीष पुत्र सुम्मेर सिंह निवासी बहारपुर के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मुनीष अल्हैपुर नहर के पुल पर अंडे का ठेला लगाता था। किसी बात को लेकर परिवार में अनमन चल रही थी। गत शुक्रवार को मनीष ने अपना अंडे का ठेला लगाया और शाम को घर से बगैर बताए निकल गया। परिवार वालों ने इधर-उधर तलाशा, कोई पता नहीं चल सका। जबकि शनिवार की सुबह उसका शव पड़े होने की जानकारी मिली। संभवतया टेंन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। कोतवाली प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि उन्होंने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। परिजनों से भी बातचीत की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सगे भाइयों के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के घिनौना गांव में मामूली विवाद में नामजदों ने सगे भाइयों के साथ मारपीट कर दी। मामले में अंकेश पुत्र जयराम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया है कि गत पांच मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका भाई टीटू घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव के राजा, राकेश, मनोज पहुंचे और उसके भाई से रुपये मांगने लगे। मना करने पर मारपीट शुरू कर दी। जब वह बचाने पहुंचा तो उसे भी धारदार से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धारदार से हमला कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के नगला जोर गांव में नामजदों ने एक ग्रामीण पर धारदार दरांती से प्रहार कर घायल कर दिया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट में उदयवीर ने बताया है कि गत पांच मार्च की सुबह करीब सात बजे वह अपने खेत पर चारा काट रहा था, तभी साइकिल से गुजर रहे गांव के छोटे लाल, ममलेश ने उसे गाली गलौज शुरू कर दी। उस पर दरांती से प्रहार कर घायल कर दिया। चीखपुकार पर गांव के अन्य लोगों को देख आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक व उसके परिजनों को किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र के नगला खिन्नी गांव में शुक्रवार की रात एक ग्रामीण युवक नामजदों ने लहूलुहान कर दिया। चीखपुकार पर पहुंचे अन्य परिजनों को भी घायल कर दिया। मामले में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पटियाली थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में नगला खिन्नी गांव निवासी विजय प्रताप पुत्र रामसनेही ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह बाजार जा रहा था, तभी पार्क के निकट गांव के दिनेश कुमार, ह्रदेश, राजा बाबू, कुंवरपाल, उमेश उर्फ भूरे, अवधेश ने घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। धारदार से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। चीखपुकार पर पहुंचे उसके भाई श्रीकृष्ण, किशन पहुंच गए, इन्हें भी आरोपियों ने मारापीटा। अन्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए।

# मारपीट के मामले में नामजदों पर रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजदों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में जगदीशचंद्र पुत्र भगवान सिंह निवासी ढोलना ने बताया है कि वह गत चार मार्च को शाम पांच बजे अपनी मां के बाइक से होली मिलने जा रहा था, तभी रास्ते में प्रमोद उर्फ बाबूजी, अजय, सुमित, राजकुमारी, सुनील ने रास्ता रोक लिया और गाली गलौज व मारपीट करते हुए बाइक की चाबी भी छीन ली। विरोध करने पर धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटियाली के मूढ़ा गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पटियाली तहसील क्षेत्र के मूढा गांव के ग्रामीणों ने बंदरों से निजात दिलाने की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपा है।इसमें बंदरों के आतंक से ग्रामीणों को हो रहीं दिक्कतों से अवगत कराते हुए उन्हें पकड़वाने की मांग तहसील प्रशासन से की गई है। तहसील में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में मूढ़ा गांव के ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में बंदरों की संख्या अधिक है। खेतों में जहां बंदर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं घरों पर भी लोगों को परेशान कर रहे हैं। आएदिन लोगों को हमला कर बंदर घायल कर देते हैं। कई लोग जान बचाने के प्रयास में छतों से छलांग लगाकर शारीरिक रूप से चोटिल हो चुके हैं। घरों के अंदर भी बंदर घुस जाते हैं और सामान लेकर भाग जाते हैं, उन्हें भगाने का प्रयास किया जाता है तो हमला कर घायल कर देते हैं। इसकी वजह से बंदरों के आतंक को लेकर ग्रामीण भयभीत हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सहावर में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले।

इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 23 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 03 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील में उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा सीओ, तहसीलदार, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसील कासगंज एवं पटियाली में अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# विकासखंड गंजडुण्डवारा निरीक्षण में डीएम सख्त, कार्यों में लापरवाही पर मांगा स्पष्टीकरण



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने विकासखंड गंजडुण्डवारा का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय में तैनात एडीओ 1/4आईएसबी1/2 हरिशचंद्र से कार्यों में लापरवाही को लेकर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। वहीं एनआरएलएम के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर बीएमएम निकेत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने ब्लॉक परिसर के बाहर फैली गंदगी को देखकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सफाई कराकर परिसर को स्वच्छ बनाने और उस स्थान को विकसित कर पार्क बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैठक में सराफा एसोसिएशन के होली महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सराफा एसोसिएशन का होली महोत्सव आगामी सोमवार को संपंन होगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों की जानकारी दी और उसे सफल बनाने के लिए सभी से बढ़-चढ़कर भाग लेने व सहयोग करने की अपील की।

बैठक जिला अध्यक्ष अनुरुद्ध पल्तानी के प्रतिष्ठान पर जिला संयोजक योगेश चंद्र गौड़ की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला संयोजक योगेश चंद्र गौड़, जिला अध्यक्ष अनुरुद्ध पल्तानी ने कहा कि एसोसिएशन का परंपरागत होली महोत्सव सोमवार को सांय छह बजे से होगा।

जिला महामंत्री दीपक गुप्ता सर्राफ, जिला संसदीय महामंत्री विपुल गर्ग ने बताया कि महोत्सव में स्थानीय जिले के साथ ही एटा जनपद के भी सराफा व्यवसायी प्रतिभाग करेंगे। जिला प्रबंधक सुरेंद्र माहेश्वरी, जिला कोषाध्यक्ष राहुल बिडला, सह संयोजक हीरेन्द्र माहेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गोपाल मूना ने सभी पदाधिकारियों से समय से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान राजेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, विवेक वर्मा, राजीव माहेश्वरी, सत्यम वर्मा, आशीष केला, ललित बिडला, सुरेंद्र माहेश्वरी, राजीव कावरा, मयंक माहेश्वरी, कुनाल अग्रवाल, आशीष माहेश्वरी, अंकुर अग्रवाल, आशीष केला,दिनेश बिडला, सुनील अग्रवाल, विनय वर्मा, सौरभ गुप्ता, प्रवीण वर्मा, अमित राठौर, राहुल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रशान्त अग्रवाल, वसंत माहेश्वरी, विपुल माहेश्वरी, शिवम गुप्ता, कृष्ण कुमार, नेत्रपाल मंत्री, हरेकृष्ण सिंह, जितेंद्र गुप्ता, अर्जुन भारद्वाज समेत अन्य मौजूद रहे।

# आधार कार्ड सेंटर से उपकरण चोरी, दी तहरीर



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** अमांपुर कस्बा के बीआरसी परिसर स्थित आधार कार्ड सेंटर में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले में आधार कार्ड सेंटर आपरेटर विवेक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने बताया कि वह अमांपुर कस्बा के कॉलेज रोड स्थित बीआरसी परिसर में आधार कार्ड बनाने का सेंटर चलाते हैं। वह सेंटर पर पहुंचे तो दरबाजे की

कुंडी टूटी पड़ी थी। अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर बायोमेटिंक मशीन, माउस, की-बोर्ड समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी दिनेश सिंह, कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गांव में टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** नियमित टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को ब्लॉक सिढ़पुरा के धारिकपुर गाँव में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार गौतम ने पहुंचकर टीकाकरण निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्हें एएनएम अंजू गौतम, सीएचओ गिरिजेश, आशा कार्यकर्ता ज्योति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता कुमारी मौजूद मिलीं। निरीक्षण के दौरान उन्हें टीकाकरण बैनर लगा मिला, ड्यू लिस्ट अपडेट मिली। यू विन पोर्टल पर उस समय तक टीकाकृत 4 बच्चे व एक गर्भवती महिला दर्ज पाये गये और टेली शीट अपडेट पाई गई।

वैक्सीन वायल नियमानुसार खुली हुई मिली। इस दौरान सीएचओ गिरिजेश पांच आयुष्मान कार्ड भी बना चुकी थीं। इस दौरान स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विशाल सक्सेना भी मौजूद रहे।

# टैंक्टर टांली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पटियाली थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र में कादरगंज के समीप शुक्रवार की रात टैंक्टर टांली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक गांव इंदा जशनपुर निवासी 24 वर्षीय शीलेन्द्र यादव पुत्र रामपाल यादव शुक्रवार की रात बाइक से कादरगंज बाजार से सामान खरीदकर अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में कादरगंज के निकट आलू से लदे टैंक्टर-टॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में शीलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए। घायल को उपचार के लिए बदायूं लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर लौट आए। युवक की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मच हुआ है। थाना प्रभारी चंचल सिरोही ने बताया कि पुलिस ने टैंक्टर-टॉली को कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# मनमस्त आश्रम पर हुआ होली मिलन समारोह

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर की आवास विकास कालोनी स्थित मनमस्त आश्रम पर होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में श्री मन मस्त सत्संग मंडल, विश्व हिंदू महासंघ, किसान यूनियन भारत की महिला पदाधिकारी शामिल रहीं। सभी ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। होली के गीत गा, एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद नृत्य गीत संगीत हुआ। कार्यक्रम में शशि दीक्षित, कुमारी प्रतिज्ञा, समता वर्मा, नितिज्ञा, शालू गुप्ता, नीलम सक्सेना, रूमाली देवी, राधिका, नितिज्ञा, लता गुप्ता, साधना साहू, शोभा, ऊषा गुप्ता, इंद्रेश विजय, कुमारी राशि, कुमारी आराध्या मौजूद रहे।



## छोटी खबरें

### परशुराम सेवा समिति का होली मिलन समारोह 8 मार्च को

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**इटावा।** इकदिल स्थित परशुराम सेवा समिति उत्तर प्रदेश (रजि.) द्वारा होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 8 मार्च (रविवार) को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से श्री एसआरएलटी कॉलेज इकदिल में आयोजित होगा। यह जानकारी समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में इटावा के साथ-साथ औरैया जनपद के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी तथा जयशिव मिश्रा ने समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम में होली मिलन के साथ-साथ काव्य गोष्ठी का भी आयोजन होगा, जिसमें कवि होली से संबंधित रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

### एनसीईआरटी की भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल, पारदर्शिता की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**इटावा।** देश की प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्था राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की संकाय भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर चिंता जताते हुए कई प्रश्न खड़े किए हैं। प्रेम कुमार शाक्य का कहना है कि वर्ष 2020 के बाद एनसीईआरटी द्वारा जारी तीन भर्ती विज्ञापनों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग श्रेणी के कई पदों पर साक्षात्कार होने के बावजूद अभ्यर्थियों को यानी उपयुक्त नहीं पाया गया घोषित कर दिया गया। जबकि साक्षात्कार के लिए वही अभ्यर्थी बुलाए जाते हैं, जो प्रारंभिक जांच में पूरी तरह योग्य पाए जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर साक्षात्कार तक पहुंचे, तो एक साथ इतने अभ्यर्थियों को उपयुक्त नहीं कैसे घोषित किया गया। यदि योग्य और अनुभवी अभ्यर्थियों को बार-बार इस प्रकार अयोग्य बताया जाता है तो चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। शाक्य ने यह भी पूछा है कि अभ्यर्थियों को घोषित करने के लिए परिषद ने कौन-से लिखित मानदंड तय किए हैं और चयन समिति ने किन आधारों पर यह निर्णय लिया। उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि क्या इस विषय से जुड़े दिल्ली उच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायालयों के निर्णयों का अध्ययन परिषद द्वारा किया गया है या नहीं। साथ ही उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा संस्थानों को उपयुक्त नहीं घोषित करने के मामलों में विस्तृत औचित्य रिपोर्ट देने संबंधी दिशा-निर्देशों पर एनसीईआरटी ने विचार किया है। उन्होंने हाल ही में जारी भर्ती विज्ञापन संख्या 177 के संदर्भ में भी पूछा है कि क्या आगामी चयन प्रक्रियाओं में भी अभ्यर्थियों को इसी प्रकार उपयुक्त नहीं घोषित किया जाएगा या इसके लिए कोई पारदर्शी और स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाएगी। प्रेम कुमार शाक्य ने बताया कि उन्होंने छह माह पूर्व भी भर्ती प्रक्रिया को लेकर महामहिम राष्ट्रपति से उच्चस्तरीय जांच और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की थी। अब उन्होंने एनसीईआरटी की जन सूचना अधिकारी इंद्राणी भादुड़ी को ई-मेल व डाक के माध्यम से पत्र भेजकर आरटीआई के तहत संबंधित जानकारियां मांगी हैं।

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत का होली मिलन समारोह आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**इटावा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सिसहाट रोड स्थित संगठन के कार्यालय पर उत्साह और भाईचारे के साथ किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सद्भाव व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों की एकजुटता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों के हितों के लिए आवाज बुलंद करती रहेगी। इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील यादव, जिला महासचिव चन्द्रदीप यादव, जिला प्रवक्ता मुन्नेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार, तहसील उपाध्यक्ष मनोज यादव, उपाध्यक्ष सत्यवीर, युवा जिला अध्यक्ष शेलम सिंह, नगर अध्यक्ष जोजी यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव, किसान नेता जगदीश बाबू, ग्या प्रसाद कुंजपुर, तहसील प्रवक्ता बाबा रामनारायण यादव, श्रीकांत, संजू सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी संवाद और भाईचारे को मजबूत करते हैं तथा संगठन के कार्यकताओं को एक मंच पर जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा और सभी ने मिलकर होली पर्व की खुशियां साझा कीं।

### समाधान दिवस में 12 शिकायतें पहुंचीं, मौके पर नहीं हुआ निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर/इटावा।** तहसील सभागार में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत ने की। इस दौरान विभिन्न गांवों से कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका, जिससे फरियादी मायूस होकर लौट गए। समाधान दिवस में कई तहसील स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति भी देखने को मिली, जिसके कारण समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो पाया। फरियादियों ने अपनी समस्याएं लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अधिकारियों को सौंप दीं। ग्राम पदमपुरा निवासी सुरेश चंद ने अपनी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। वहीं ग्राम नगला नरिया निवासी कौशलेंद्र ने समाज की खाली भूमि पर विपक्षियों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम पीपरीपुरा की मंजू देवी ने बंद पड़े आम रास्ते को खुलवाने की मांग की। इसी तरह ग्राम नगला भदौरिया के दलवीर सिंह ने चकरोड से रास्ता बाधित होने की शिकायत की, जबकि ग्राम भीकनपुर की पुष्पा देवी ने गांव में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई। ग्राम घुराह के रामसनेही ने भी अपनी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। एसडीएम कुमार सत्यमजीत ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण: 8 मार्च को भी नोटिसों की सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमझ2026 के अंतर्गत जनपद में नोटिसों की सुनवाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह ने बताया कि जनपद में प्राप्त 2,72,131 नोटिसों के सापेक्ष अब तक 1,98,393 नोटिसों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है, जबकि 73,738 नोटिसों की सुनवाई अभी शेष है। निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इन सभी नोटिसों की सुनवाई 10 मार्च 2026 तक हर हाल में शत-प्रतिशत पूरी की जानी है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि उनके अधीन कार्यरत अधिकारी, जो अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (अएफ्ह) के रूप में कार्य कर रहे हैं, वे 8 मार्च 2026 को भी अपने-अपने बूथों से संबंधित नोटिसों की सुनवाई सुनिश्चित करें।

# जिलाधिकारी ने तहसील रसूलाबाद का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने शनिवार को तहसील रसूलाबाद का निरीक्षण कर कार्यालयों की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव और राजस्व से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं और न्यायालयों का भ्रमण कर पत्रावलियों की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों का परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संधारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी पत्रावलियां श्रेणीबद्ध ढंग से सुरक्षित रखी जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से अभिलेखों के संरक्षण और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नजारत शाखा और संग्रह अनुभाग में राजकीय अभिलेखों व सामग्रियों के रख-रखाव की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, रजिस्ट्री कक्ष, अभिलेखागार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, खतौनी वितरण कक्ष, उप निबंधक कार्यालय, संग्रह अनुभाग और आपूर्ति कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

तहसील परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान आरके और उपजिलाधिकारी के पेशकार की कार्यप्रणाली संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक अनिवार्य जनसुनवाई आयोजित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह, उपजिलाधिकारी रसूलाबाद, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक-ट्राला की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत, साथी गंभीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**राजपुर (कानपुर देहात)।** तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। थाना राजपुर क्षेत्र में शनिवार को अनियंत्रित ट्रक-ट्राला की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर तीन थानों की पुलिस तैनात रही।

जानकारी के अनुसार ग्राम पचलख थाना सट्टी निवासी श्रीराम पुत्र गोवर्धन ने थाना राजपुर में दी तहरीर में बताया कि उनका साला मेवालाल (52) पुत्र स्व. छोटे लाल निवासी ग्राम लोहारी थाना गजनेर अपने दोस्त श्याम स्वरूप शर्मा (49) पुत्र स्व. धनीराम शर्मा निवासी ग्राम पचलख थाना सट्टी के साथ जरूरी काम से कस्बा राजपुर मोटरसाइकिल (प्लैटिना) से जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वे कुंवरपुर रोड पर जल्लापुर सिकंदरा के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक-ट्राला के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार मेवालाल ट्रक के पहियों के बीच फंस गए और उनका शरीर दो हिस्सों में बंट गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार श्याम स्वरूप शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना राजपुर के साथ सट्टी और सिकंदरा थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सनत कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक-ट्राला को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**गजनेर (कानपुर देहात)।** जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गजनेर पुलिस ने शनिवार को अवैध असलहा और कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना गजनेर पुलिस टीम शनिवार रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम दुआरी से गंगरौली जाने वाले मार्ग पर दो युवक संदिग्ध हालत में जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर दोनों को दुआरी-गंगरौली मार्ग पर ग्राम सभा की खाली जमीन के पास पकड़ लिया।

पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में अपने नाम अजय सिंह उर्फ तनु (25) पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम मानसिंह का पुरवा मजरा दुआरी थाना गजनेर और रजत शुक्ला (24) पुत्र चुन्ना शुक्ला उर्फ अश्वनी शुक्ला निवासी ग्राम दुआरी थाना गजनेर बताया। तलाशी के दौरान अजय सिंह के पास से एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस, जबकि रजत शुक्ला के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों से असलहे का लाइसेंस मांगा, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गांव में दहशत फैलाने और रौब जमाने के लिए तमंचा और कारतूस अपने पास रखते थे। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना गजनेर में मु0अ0सं0 0058/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। वहीं उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# घर के बरामदे में युवती ने फांसी लगाकर दी जान, होली की खुशियों के बीच गांव में पसरा मातम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** होली के पर्व पर जहां चारों ओर खुशियों का माहौल है, वहीं थाना सिकंदरा क्षेत्र के पिंडार्थू गांव में एक युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिवार में शोक छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव पिंडार्थू निवासी किरन उर्फ मैना (19) पुत्री रविन्द्र कुमार ने शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर के अंदर बने बरामदे में छप्पर के नीचे दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और अन्य साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचायतनामा उपनिरीक्षक उमर मोहम्मद खान द्वारा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। फिलहाल युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बताई गई है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी ने नारखास चौकी का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे ने शुक्रवार को थाना रसूलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत नारखास चौकी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकी परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने चौकी परिसर, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, आगंतुक रजिस्टर, बीट सूचना सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद एसपी ने नारखास स्थित नारदाश्रम मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और महिलाओं से जुड़े अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा तथा साइबर अपराध व साइबर ठगी से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। एसपी ने कहा कि कानपुर देहात पुलिस महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और साइबर ठगी के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, धोखाधड़ी या अपराध की सूचना तुरंत नजदीकी थाना, चौकी या 112 आपातकालीन सेवा पर दें।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा, 15 हजार का जुमार्ना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



!! KANPUR DEHAT POLICE !!

थाना रनियां — दिनांक-07.03.2026

#ऑपरेशन कन्विक्शन

दिनांक 25.06.2023 को अभियुक्त शिवम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर द्वारा वादिनी को नशीला पदार्थ कोल्डड्रिंक में मिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म करना व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना रनियां पर अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें माननीय न्यायालय एडीजे-15/ पॉक्सो कोर्ट, जनपद कानपुर देहात द्वारा #MissionShakti5 अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त शिवम मिश्रा उपरोक्त को दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व ₹ 15,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

घटना का विवरण-

दिनांक 25.06.2023 को अभियुक्त शिवम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर द्वारा वादिनी को नशीला पदार्थ कोल्डड्रिंक में मिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म करना व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना रनियां पर मु0अ0सं0 96/2023 धारा 376/377/328/504/506 भादवि0 बनाम शिवम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर पंजीकृत किया गया था।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही-

विवेचक द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना करते हुए वास्तविक तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित कर मुकदमा उपरोक्त में आरोप पत्र दिनांक 01.08.2023 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। माननीय न्यायालय में पेश किये गये साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त शिवम मिश्रा उपरोक्त को दोषी ठहराया गया।

पीड़िता को त्वरित न्याय व अपराधियों को सजा दिलाये जाने हेतु #ऑपरेशन_कन्विक्शन चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं, इसी क्रम में थाना रनियां पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल द्वारा सतत् एवं प्रभावी पैरवी करते हुए सही तथ्यों पर गवाहान की गवाही माननीय न्यायालय के समक्ष करायी गयी।

न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय-

माननीय न्यायालय एडीजे-15/ पॉक्सो कोर्ट, जनपद कानपुर देहात द्वारा आज दिनांक 07.03.2026 को #MissionShakti5 अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त शिवम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर को दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व ₹ 15,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को 10 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। यह सजा समाज में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम व कानून और शान्ति व्यवस्था एवं अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**रनियां (कानपुर देहात)।** थाना रनियां क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन और मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत की गई। मामले के अनुसार 25 जून 2023 को ग्राम जुगराजपुर थाना सचेण्डी, जनपद कानपुर नगर निवासी शिवम मिश्रा ने पीड़िता को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में थाना रनियां में मु0अ0सं0 96/2023 के तहत धारा 376, 377, 328, 504 और 506 आईपीसी में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए साक्ष्य एकत्र कर विवेचना पूरी की और 1 अगस्त 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इसके बाद न्यायालय में पेश साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया गया। शनिवार को पॉक्सो कोर्ट कानपुर देहात के एडीजे-15 न्यायालय ने आरोपी शिवम मिश्रा को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने की स्थिति में आरोपी को 10 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़िता को त्वरित न्याय दिलाने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामलों की प्रभावी पैरवी की जा रही है। इसे महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बकेवर में होली मिलन समारोह, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने खेली फूलों की होली




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा।** महेवा ब्लॉक क्षेत्र के बकेवर स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुराग दोहरे ने किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और क्षेत्रीय लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा फूलों की होली खेलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद जितेंद्र दोहरे और प्रदीप कुमार यादव ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि हमारे धार्मिक त्यौहार समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को बढ़ाते हैं। होली का पर्व लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के लोगों में आपसी सहयोग और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रवक्ता शिव शंकर यादव ने किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष राजपूत, राकेश प्रधान, पूर्व प्रमुख दिलीप सविता, महिपाल सिंह, जय सिंह चौहान, गंभीर सिंह यादव, राजीव चौधरी, जन्मेद सिंह, सुभाष यादव, अन्नू पाल, मिथुन पाण्डेय, रामजी तिवारी, कमलेश चंद्र, विश्राम सिंह, कमलेश यादव, ध्यान सिंह, राजू यादव, प्रधान अखिलेश वर्मा सहित सैनिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# आत्मा योजना के तहत महेवा में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**इटावा।** महेवा विकास खंड क्षेत्र के सभागार में आत्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को आधुनिक खेती, नई कृषि तकनीकों तथा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

गोष्ठी में मौजूद कृषि अधिकारियों ने किसानों को उन्नत बीजों के प्रयोग, फसलों की बेहतर देखभाल और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के बारे में जागरूक किया। साथ ही एलसीडी के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) हर्ष कुमार, शिव मंगल सिंह, बीटीएम सत्यपाल सिंह, इंचार्ज ब्रजेंद्र सिंह, डॉ अक्षय कुमार, विजय प्रताप, देवदत्त, चन्द्रशेखर, हरि योगेंद्र, शिव कुमार, सुधीर कुमार शुक्ला तथा संजीत राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गोष्ठी में क्षेत्र के किसान सुखदेव चौबे, शिवजी तिवारी, संतोष कुमार, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में रसूलाबाद तहसील में आयोजित हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन रसूलाबाद तहसील में किया गया।


कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कपिल सिंह ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 151 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को तय समय सीमा में निपटाने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व और भूमि विवाद से जुड़े मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और सभी मामलों में पारदर्शिता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आईजीआरएस, तहसील दिवस, जनप्रतिनिधियों के संदर्भ और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के भी निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक अनिवार्य जनसुनवाई करने और शिकायतकताओं से मधुर व्यवहार रखने के लिए कहा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए. के. सिंह, उपजिलाधिकारी रसूलाबाद सर्वेश कुमार, तहसीलदार सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## थिएटर मालिकों को मिल रही धमकियां : विपुल शाह

बॉलीवुड फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह का आरोप है कि केरल और चेन्नई के कई सिनेमाघरों पर फिल्म न दिखाने का दबाव बनाया जा रहा है। विपुल शाह ने दोनों राज्यों के प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि थिएटर मालिकों को धमकियां मिल रही हैं ताकि वे फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दें। उन्होंने कहा कि अदालत का आदेश स्पष्ट है और उसका पालन होना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब फिल्म पर स्टे था, तब टीम ने पूरी तरह कानून का सम्मान किया और किसी भी तरह की अवैध स्क्रीनिंग नहीं की। ऐसे में यदि केवल फिल्म निर्माता से कानून पालन की अपेक्षा रखी जाए और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई न हो, तो न्याय व्यवस्था का संतुलन बिगड़ जाता है। शुक्रवार को केरल हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटा दी थी। यह फैसला डिवीजन बेंच द्वारा स्टे हटाए जाने के बाद आया, जो पहले सिंगल बेंच ने लगाया था। अदालत के आदेश के बाद फिल्म की स्क्रीनिंग का रास्ता साफ हुआ और फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में दिखाई जाने लगी। विपुल शाह का दावा है कि जिन स्थानों पर फिल्म प्रदर्शित हो रही है, वहां दर्शकों का रिएक्शन बेहद सकारात्मक है। थिएटर मालिक और डिस्ट्रीब्यूटर भी फिल्म के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं और आने वाले दिनों में शो और स्क्रीन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। कलेक्शन की बात करें तो कामाख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बनी 'द केरल स्टोरी 2' ने पहले दिन 75 लाख रुपये कमाए थे। दूसरे दिन 4.65 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 5.40 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बता दें कि विपुल अमृतलाल शाह और सुदिप्तो सेन की फिल्म 'द केरल स्टोरी' लंबे समय तक विवादों में घिरी रही थी। फिल्म की रिलीज पर केरल हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक ने मामले को और तूल दिया, लेकिन 27 फरवरी को अदालत से हरी झंडी मिलने के बाद इसके सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2' आखिरकार सिनेमाघरों तक पहुंच गई।

## सोनू सूद फिर आए मदद को आगे



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए हैं। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों में हवाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे दुबई में कई लोग फंस गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए सोनू सूद ने वहां फंसे लोगों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की पेशकश की है। अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि जो लोग दुबई में फंसे हुए हैं और असहाय महसूस कर रहे हैं, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी टीम जरूरतमंदों को सुरक्षित रहने की व्यवस्था कराने में हर संभव मदद करेगी। सोनू सूद इससे पहले भी कई मानवीय कार्यों के लिए चर्चा में रह चुके हैं। कोविड-19 के दौरान उन्होंने हजारों प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद से लोग उन्हें 'मसीहा' के नाम से भी पुकारने लगे। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पहल की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में भी सोनू सूद हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं।




## संदीपा ने की अपनी फिल्म दो दीवाने सहर में की तारीफ

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म दो दीवाने सहर में अभिनेत्री संदीपा धर नजर आईं। इस फिल्म में संदीपा ने नैना नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है जो बाहर से तो परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से बेहद अकेली है। अपने किरदार के बारे में संदीपा ने बताया कि इस फिल्म को चुनने की सबसे बड़ी वजह नैना का जटिल और गहराई वाला किरदार था। उनके अनुसार, बाहरी खुशहाल छवि के पीछे छिपी उथल-पुथल और टूटे हुए एहसासों को परदे पर दिखाना एक कलाकार के रूप में चुनौतीपूर्ण होने के साथ बेहद रोमांचक भी रहा। संदीपा ने फिल्म की कहानी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि लंबे समय बाद दर्शकों के सामने ऐसी अनूठी प्रेम कहानी आई है, जो सामान्य रोमांस से अलग है। यह दो ऐसे लोगों की कहानी है जो अपनी-अपनी कमजोरियों को पहचानते हैं, उन्हें स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाते हुए अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते हैं। उनके मुताबिक, हीरो-हीरोइन द्वारा अपनी कमियों को स्वीकारते हुए प्यार चुनने वाली कहानियां आजकल बहुत कम देखने को मिलती हैं। फिल्म की रिलीज के बाद संदीपा धर बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म बिल्कुल उसी तरह बनी है जैसा उन्होंने उम्मीद की थी और उनका किरदार भी दर्शकों द्वारा उसी रूप में स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि फिल्म के दूसरे हिस्से में उनका और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का टकराव वाला सीन काफी महत्वपूर्ण था, और यह दर्शकों के बीच खासा चर्चित भी रहा। कई लोगों ने उस सीन से खुद को जोड़कर उनकी तारीफ की है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है, जबकि इसे प्रतिष्ठित फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संदीपा ने भंसाली के प्रोडक्शन हाउस में काम करने के अनुभव को खास बताते हुए कहा कि उनका विजुअल विजन हमेशा की तरह बेहद प्रभावशाली है।

## 'सैयारा' की सफलता के बाद अहान पांडे ने झेली महीनों तकलीफ़

अपनी डेब्यू फिल्म सैयारा से साल 2025 में बॉलीवुड के उभरते अभिनेता अहान पांडे ने धमाकेदार पहचान बनाई थी। इस सफलता के पीछे एक ऐसा दर्द था, जिसे अब अहान ने पहली बार साझा किया है। एक्टर ने खुलासा किया कि फिल्म रिलीज होने के तुरंत बाद उन्हें जिंदगी की सबसे तकलीफदेह सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिसने उन्हें महीनों तक सामान्य जीवन से दूर रखा। अहान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें पिछले साल एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी, जो बेहद दर्दनाक रही। उन्होंने कहा कि उनका शरीर इतनी परेशानी से गुजरा कि लंबे समय तक वे न तो सामान्य तौर पर चल-फिर पा रहे थे और न ही वजन उठा पा रहे थे। यह स्थिति उनके लिए शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर चुनौती बन गई। कुछ साल पहले हुए एक स्नोमोबाइल हादसे का असर उनके कंधे पर गंभीर रूप से पड़ा था। चोट इतनी गहरी थी कि समय के साथ यह बढ़ती ही चली गई और जिम में वर्कआउट करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया। आखिरकार उन्होंने सर्जरी का निर्णय लिया, हालांकि डॉक्टर ने उन्हें पहले ही चेतावनी दे दी थी कि ऑपरेशन के बाद उनका शरीर पहले जैसा नहीं रह पाएगा और फिल्मों के लिए जरूरी फिजिक हासिल करना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा। अहान के मुताबिक, वह हमेशा उन एक्टर्स से प्रेरणा लेते रहे हैं जो जिम में जाकर अपनी बॉडी में जबरदस्त बदलाव लाने में सफल होते हैं। लेकिन उनका मामला बिल्कुल अलग था—वे अनहेल्दी शरीर नहीं, बल्कि एक गंभीर चोट से जूझ रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले चलना-फिरना भी मुश्किल था, फिर वे वजन नहीं उठा पाते थे, और अंत में महीनों की मेहनत के बाद वे फिर से वेटलिफ्टिंग करने की स्थिति में आए। सर्जरी के बाद वे लंबे समय तक हाथ पर प्लास्टर बांधे रहे, लेकिन उन्होंने इसे सार्वजनिक नहीं होने दिया। अपने दर्द को छुपाकर उन्होंने खुद को दोबारा खड़ा किया और अब वापस अपने फिटनेस रूटीन में लौट आए हैं। अहान पांडे की कहानी सिर्फ एक अभिनेता की सफलता का किस्सा नहीं है, बल्कि यह उन कठिन रास्तों की भी दास्तान है, जिन्हें वे पर्दे के पीछे चुपचाप पार करते हैं। 'सैयारा' की सफलता के बाद आज अहान का नाम तेजी से ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इस सफर में उनकी जिद, जुझारूपन और संघर्ष सबसे ज्यादा चमकते हुए नजर आते हैं। बता दें कि मोहित सूरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई और अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी फिल्म बन गई।




## श्रद्धा और वरुण के बचपन की कहानी है बेहद दिलचस्प



एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने खुलासा किया कि जब वह केवल 8 साल की थीं, तब उन्होंने वरुण को प्रपोज किया था। दोनों अपने-अपने पिता के साथ एक फिल्म के सेट पर गए थे। वहां खेलने के दौरान वे एक छोटी पहाड़ी पर चढ़ गए और इसी मासूमियत भरे माहौल में श्रद्धा ने वरुण के सामने अपना दिल खोल दिया। श्रद्धा कपूर और वरुण धवन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी हमेशा पसंद की जाती रही है, लेकिन इन दोनों की बचपन की एक कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। श्रद्धा ने बताया कि उन्होंने वरुण को प्रपोज करने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला। उन्होंने कहा कि वह कुछ उल्टा बोलेंगी और वरुण को उसे समझना होगा। श्रद्धा ने मजाक में कहा 'यू लव आई' जो उल्टा पढ़ने पर 'आई लव यू' होता है। इस पर छोटे वरुण घबरा गए और बोले, 'मुझे लड़कियां पसंद नहीं हैं,'' और तुरंत वहां से दौड़कर भाग गए। श्रद्धा ने यह किस्सा एक यूट्यूब इंटरव्यू में हंसते हुए साझा किया था। बड़े होकर दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए। दोनों ने एबीसीडी 2, स्ट्रीट डांसर 3डी में शानदार केमिस्ट्री दिखाई। इसके अलावा, वे स्त्री 2 में भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आए, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। साल 2010 में श्रद्धा कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म तीन पत्ती से की थी। 2011 में वह लव का द एंड में दिखाई दीं, लेकिन उन्हें असली पहचान मिली मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म आशिकी 2 से। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता आदित्य रॉय कपूर थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और श्रद्धा को कई अवॉर्ड नॉमिनेशन मिले। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर ने गायक राहुल जयकर की भूमिका निभाई थी, जो शराब की लत के कारण अपना करियर खो देता है, जबकि श्रद्धा ने आरोही शिरके का किरदार निभाया, जो उनकी मदद से एक सफल सिंगर बनती है। इसके बाद श्रद्धा ने कई सफल फिल्मों में काम किया, जिनमें एक विलेन, बागी, हाफ गर्लफ्रेंड, स्त्री, छिछोरे, और तू झूठी मैं मक्कार शामिल हैं। हाल ही में उनकी फिल्म स्त्री 2 ने दुनियाभर में 800 करोड़ से ज्यादा की कमाई करते हुए बड़ी हिट साबित हुई।




## बॉलीवुड को अक्सर गलत तरीके से किया जाता है पेश: सुनील शेट्टी

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की लगातार खराब की जा रही छवि पर हाल ही में अभिनेता सुनील शेटटी ने खुलकर अपनी बात रखी है। एक इवेंट में उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म जगत को अक्सर गलत तरीके से पेश किया जाता है, जबकि इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार और तकनीशियन हैं, जो पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ गुणवत्तापूर्ण सिनेमा बनाने के लिए समर्पित हैं। उनका कहना था कि दर्शकों को यह समझना चाहिए कि पूरी इंडस्ट्री नकारात्मकता से भरी नहीं होती। सुनील के मुताबिक, बॉलीवुड से जुड़े लोग लगातार सुर्खियों में रहते हैं, इसलिए उनके बारे में सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक बातें फैलती हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप एक्टर, सिंगर, खिलाड़ी या एंटरटेनर होते हैं, तो आप हमेशा जनता की नजरों में रहते हैं। ऐसे में आपके बारे में अच्छी और बुरी दोनों तरह की बातें कही जाती हैं, जो कई बार स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना देती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर गलत नैरेटिव थोप दिया जाता है। कई लोग मानते हैं कि अगर ड्रग्स या मी टू जैसे मामले सामने आए हैं तो वे केवल फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित हैं, जबकि हकीकत यह है कि ऐसा समाज के हर हिस्से में होता है। सुनील के अनुसार इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में मेहनती, सजग और प्रतिभाशाली लोग काम कर रहे हैं, लेकिन नकारात्मक कंटेंट आज के समय में टीआरपी और व्यूज का आसान जरिया बन चुका है, इसलिए आलोचना ज्यादा दिखाई देती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज मुद्दा यह नहीं रहा कि खबर सही है या नहीं, बल्कि यह कि कौन इसे सबसे पहले प्रस्तुत करता है। बातचीत के दौरान सुनील ने अपने बेटे अहान शेटटी को दी गई सीख के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अहान को पहले एक अच्छा इंसान बनने की सलाह देते हैं, क्योंकि इंसानियत ही किसी को लंबी दौड़ का खिलाड़ी बनाती है। अहान हाल ही में फिल्म बार्डर 2 में नजर आए थे, जो सुनील शेट्टी की प्रतिष्ठित फिल्म 'बॉर्डर' का स्पिरिचुअल सीक्वल है। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हुई और भारत में 327 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता बन गई।

## छलका आयशा खान का दर्द

एक्ट्रेस आयशा खान इन दिनों अपने हालिया खुलासों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें केवल शरीर के आकार के कारण एक गाने से बाहर कर दिया गया था। आयशा ने कहा कि उन्हें 'मोटी' कहकर प्रोजेक्ट से हटाया गया, जिससे उन्हें काफी मानसिक आघात पहुंचा। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर उन्हें रोजाना अश्लील संदेश और धमकियां मिलती हैं। आयशा के मुताबिक इंस्टाग्राम पर कई लोग उन्हें सेक्शुअलाइज करते हैं और कुछ यूजर्स तो रेप की धमकियां तक देते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि इस तरह की घटनाएं मानसिक रूप से बेहद परेशान करने वाली होती हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनका मानना है कि कलाकारों को भी सम्मान और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। आयशा खान हाल ही में फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में बॉडी शेमिंग और ऑनलाइन ट्रोलिंग जैसी समस्याएं अब भी गंभीर रूप से मौजूद हैं।





## फिल्म मालामाल विकली का बनने जा रहा है सीक्वल

कॉमेडी से भरपूर फिल्म मालामाल विकली का सीक्वल बनने जा रहा है। करीब बीस पूर्व रीलिज हुई प्रियदर्शन की इस कल्ट कॉमेडी ने एक गुम हुए लॉटरी टिकट की कहानी को लेकर दर्शकों को खूब हंसाया था। अब इसके सीक्वल की खबर से फैंस फिर से उत्साहित हैं। फिल्म में परेश रावल राजपाल यादव, रितेश देशमुख और दिवंगत ओम पुरी ने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि 'मालामाल वीकली 2' की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, मगर फिल्म के मुख्य अभिनेता परेश रावल ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया, 卐हां, यह सच है। मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं और हम इसे कर रहे हैं।卐 पहली फिल्म में लॉटरी टिकट बेचने वाले लीलाराम की भूमिका निभाने वाले परेश रावल दोबारा इसी किरदार में कमाल दिखाने की तैयारी में हैं। दिलचस्प रूप से, साल 2012 में कमाल धमाल मालामाल रिलीज़ हुई थी, जिसे 'मालामाल वीकली' का रीबूट माना गया था। इसमें भी परेश रावल के साथ राजपाल यादव, ओम पुरी और नाना पाटेकर ने बेहतरीन अभिनय से कॉमेडी का स्तर ऊंचा रखा था। हालांकि उस समय इसे आधिकारिक सीक्वल नहीं कहा गया था, लेकिन इस बार फिल्म के सीधे सीक्वल की पुष्टि ने पुराने दर्शकों की यादें ताजा कर दी हैं। इस बीच परेश रावल दूसरी फिल्म भागमभाग 2 को लेकर भी चर्चा में हैं, जो उनकी 2006 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।

इस बार फिल्म में बड़ा बदलाव यह है कि गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी नजर आएंगे, जिससे कहानी और प्रस्तुति में नए रंग जुड़ने की उम्मीद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो परेश रावल आने वाले महीनों में कई बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों के बीच लौटने वाले हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म भूत बंगला में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे, जो 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इसके साथ ही, सुपरहिट तिकड़ी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल फिर से दर्शकों का मनोरंजन करेगी क्योंकि अभिनेता फिल्में वेलकम टू द जंगल और हेराफेरी 3 में भी नजर आएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।